


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443

वर्ष- 15 अंक - 169 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 3 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### 42 डिग्री से पार हुआ पारा; अभी और बढ़ेगा तापमान, धर्म नगरी डोंगरगढ़ रहा सबसे गर्म

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गर्म हवाएं चल रही है। साथ ही अब दोपहर की तेज धूप चुभने लगी है। प्रदेश में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी। बीते सालों की तुलना में इस साल अप्रैल महीने में भारी गर्मी पड़ने की संभावना है। आगामी मई और जून महीना अप्रैल माह के तुलना में ज्यादा गर्म रहेगा। हालांकि की बीच-बीच में मौसम का मिजाज बदलने से गर्मी से राहत मिल सकता है। मंगलवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहा। वहीं सबसे गर्म डोंगरगढ़ इलाका रहा है।

### साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी, हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

**पटना ( एजेंसी )।** बिहार के साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षकों के लिए काम की खबर है। सक्षमता परीक्षा पास नहीं करने और परीक्षा नहीं देने वाले नियोजित शिक्षकों को पटना हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने नई शिक्षक नियमावली के नियम चार को निरस्त कर दिया है। यानी अब सक्षमता परीक्षा पास करना अनिवार्य नहीं है। परीक्षा पास नहीं करने वाले और परीक्षा में शामिल नहीं वालों की नौकरी नहीं जाएगी। पटना हाईकोर्ट ने बिहार विद्यालय विषय विशिष्ट शिक्षक नियमावली को चुनौती देने वाली एक दर्जन से अधिक अर्जी पर सुनवाई के बाद पिछले 15 मार्च को ही अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस फैसले को मंगलवार को सुनाया। मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने 15 अर्जी की सुनवाई के बाद 88 पन्ने का आदेश दिया। कोर्ट ने बिहार में कार्यरत स्थानीय निकाश शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा को सही ठहराया।

# कई सीटें कांग्रेस के लिए दिवास्वप्न!

## परचम लहराने कांग्रेस लगा रही पूरा जोर, भाजपा इस बार भी जीत के प्रति आश्वस्त

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** कुल 11 सीटों वाले छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे ही सही, शबाब पर है। यहां कई ऐसी सीटें हैं, जहां जीत हासिल करना कांग्रेस के लिए दिवास्वप्न है। हालांकि पार्टी के नेता इस बार इन सीटों पर कड़ी चुनौती देने की बात कर रहे हैं। वहीं भाजपा अपनी इन परंपरागत सीटों पर जीत के प्रति आश्वस्त है। दरअसल, अलग राज्य बनने से पहले से ही छत्तीसगढ़ की कई सीटों पर कांग्रेस कभी जीत नहीं पाई। राज्य बनने के बाद भी कांग्रेस का प्रदर्शन आशानुरूप नहीं रहा। ये ऐसी सीटें हैं जो अब भाजपा का अपराजेय किला कहलाती हैं। राज्य में कांग्रेस की सत्ता रहने के बावजूद इन सीटों पर भाजपा को हराया नहीं जा सका। कांग्रेस ने इस बार टिकट वितरण ऐसी ही सीटों को ध्यान में रखकर किया है। इसके लिए दीगर क्षेत्रों से प्रत्याशी लाकर उतार दिए गए हैं, ताकि जातीय व सामाजिक समीकरणों को साधकर उन सीटों पर कड़ी चुनौती पेश की जाए, जहां जीत की संभावना कम है।



छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीट में से छह भारतीय जनता पार्टी का गढ़ कही जाती हैं और वर्ष 2000 में राज्य गठन के बाद से यह पार्टी एक बार भी इन सीट पर नहीं हारी है। कांग्रेस को भरोसा है कि वह इस बार भाजपा के किलों को भेदने में कामयाब होगी, जबकि भाजपा आश्वस्त है कि वह अपनी जीत बरकरार रखेगी तथा राज्य की अन्य लोकसभा सीट पर भी कब्जा जमाएगी। इन छह सीटों में अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित कांकेर, सरगुजा तथा रायगढ़, अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जांजगीर-चांपा और सामान्य वर्ग की रायपुर तथा बिलासपुर सीटें शामिल हैं। राजनांदगांव लोकसभा सीट पर भाजपा 2000 से लगातार जीत रही है, लेकिन 2007 के उपचुनाव में कांग्रेस विजयी हुई थी। इस बार कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को यहां से मैदान में उतारा है। हालांकि कुछ ऐसी ही स्थिति दुर्ग लोकसभा की भी है। यहां कांग्रेस को 2014 में सिर्फ एक बार जीत मिली।

### कांग्रेस ने बिठाया सामंजस्य

कांग्रेस ने भाजपा के छह गढ़ों को भेदने के लिए एक मौजूदा विधायक, दो पूर्व विधायकों जिनमें एक मंत्री भी रहे, दो नए चेहरों और एक अनुभवी नेता पर दांव लगाया है। रायपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने निवर्तमान सांसद सुनील सोनी को हटाकर आठ बार के विधायक एवं विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली वर्तमान राज्य सरकार में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 में सोनी ने कांग्रेस के प्रमोद दुबे को 3,48,238 मतों के अंतर से हराया था।

### यहां हैं आमने-सामने का मुकाबला

महाराष्ट्र के मौजूदा राज्यपाल रमेश बैस ने भाजपा के टिकट पर सात बार ( 1989, 1996, 1998, 1999, 2004, 2009 और 2014 में) जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने इस बार रायपुर सीट से पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को मैदान में उतारा है। कांकेर लोकसभा सीट पर भी भाजपा ने निवर्तमान सांसद मोहन मंडावी को टिकट नहीं दिया है और पूर्व विधायक भोजराज नाग को मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने बीरेश ठाकुर को उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर पूर्व में पंचायत निकायों का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ठाकुर 2019 के लोकसभा चुनाव में कांकेर क्षेत्र से 6,914 मतों के अंतर से मंडावी से हार गए थे। वहीं, भाजपा ने जांजगीर-चांपा सीट से निर्वतमान सांसद गुहाराम अजगले को भी टिकट नहीं दिया है और नए चेहरे के तौर पर महिला नेता कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है। कांग्रेस की ओर से प्रदेश के पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया चुनाव लड़ रहे हैं। सरगुजा में भाजपा ने हर चुनाव में अपना उम्मीदवार बदला और सीट जीतने में कामयाबी हासिल की है। इस बार इस सीट से पूर्व विधायक चिंतामणि महाराज को टिकट मिला है। वहीं, कांग्रेस ने अपनी युवा नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह की बेटी शशि सिंह को मैदान में उतारा है। रायगढ़ सीट से भाजपा ने नए चेहरे राधेश्याम राठिया को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने मेनका देवी सिंह पर भरोसा जताया है। सिंह राज्य में राजनीतिक रूप से प्रभावशाली पूर्व सारंगढ़ शाही परिवार से हैं। बिलासपुर सीट पर भाजपा के पूर्व विधायक तोखन साहू और कांग्रेस के निवर्तमान विधायक देवेन्द्र यादव के बीच मुकाबला होगा। इसी तरह दुर्ग में भाजपा ने अपने वर्तमान सांसद विजय बघेल को उतारा है तो कांग्रेस ने नए चेहरे के रूप में राजेन्द्र साहू को टिकट दिया है।

### भाजपा का प्रदर्शन रहा है शानदार

मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद छत्तीसगढ़ के विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में भाजपा का अच्छा प्रदर्शन रहा है। भाजपा ने 2003 से 2018 तक 15 वर्षों तक राज्य में लगातार सत्ता संभाली और 2023 के विधानसभा चुनावों में जीत के बाद चौथी बार सत्ता में आई। भाजपा ने 2004, 2009 और 2014 में 10 लोकसभा सीट जीती थीं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा नौ सीट जीतने में कामयाब रही। दोनों दलों ने राज्य में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को तीन चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

# बेमेतरा में सीएम साय ने भरी हुंकार विजय बघेल के लिए मांगे वोट





### देशहित में काम करता है साहू समाज-विजय

बीजेपी प्रत्याशी विजय बघेल ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेसी प्रत्यशी को साहू समाज से मिल रहे समर्थन पर कहा कि साहू समाज के लोग देश हित में काम करते हैं। सामाजिक समरसता की भावना को लेकर देश को कैसे शिखर पर ले जाए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ साहू समाज के मन में भी यही बात है। मेरी व्यक्तिगत आत्मीयता साहू समाज के लोगों के साथ है। मैं जहां पैदा हुआ, वहां भी साहू समाज के 75 फीसदी लोग रहते हैं। पूर्व सांसद स्व. ताराचंद साहू को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए विजय बघेल ने कहा कि ताराचंद साहू ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के गढ़ को भेद के भाजपा को जीत दिलाई थी। मुझे विश्वास है कि पिछली बार से भी अधिक मतों से दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में चुनाव जीतेंगे।

### साहू मतदाताओं का गढ़ है दुर्ग

छत्तीसगढ़ की दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदाता साहू समाज से आते हैं। कांग्रेस ने ओबीसी कार्ड खेलते हुए साहू समाज से अपना लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। मीडिया ने परपोड़ी में विजय बघेल से जब सामाजिक मुद्दे पर लेकर सवाल पूछा तो उन्होंने साहू समाज का बीजेपी को समर्थन मिलने का दावा किया।

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**दुर्ग।** बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र में सीएम विष्णुदेव साय ने चुनावी हुंकार भरी। उन्होंने चुनावी आमसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। श्री साय ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद मोदी की गारंटियों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने डबल इंजन की सरकार के लिए भाजपा प्रत्याशी को भरपूर समर्थन देने का आह्वान भी किया।

आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जो गारंटी है, उसे हमने पूरा किया। महतारी वंदन योजना, किसानों के दो साल के बोनस और 3100 की कीमत से धान की खरीदी सहित सभी वादों को हमने पूरा किया है। डबल इंजन की सरकार के लिए भाजपा को मजबूत करने के लिए अब आपकी आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ को ठगने का काम किया है। छत्तीसगढ़ को लूटने का काम किया। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया। कोयला में घोटाला किया, शराब में घोटाला किया। इसका नतीजा यह है कि आज कांग्रेस के नेता जेल में हैं।

बीजेपी की आमसभा नगर पंचायत परपोड़ी के लाल सिंह मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री के सामने 500 से अधिक लोगों ने भाजपा प्रवेश किया। नए सदस्यों का मुख्यमंत्री ने भाजपा गमछा पहनकर अभिनंदन किया। आमसभा को डिप्टी सीएम अरुण साव, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी विजय बघेल और खाद्य मंत्री दयाल दास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में साजा विधायक ईश्वर साहू और बेमेतरा विधायक दीपेश साहू भी मौजूद रहे।

# जब भाजपा प्रत्याशी ने पैर छूकर लिया कांग्रेस प्रत्याशी से आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**महासमुंद।** राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच महासमुंद में मंगलवार को एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। हुआ यह कि नामांकन दाखिल करने पहुंचे कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशियों का जब आमना-सामना हुआ तो भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस प्रत्याशी के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद मांगा। कांग्रेस प्रत्याशी ने भी बड़प्पन दिखाते हुए भाजपा प्रत्याशी को खुले दिल से आशीर्वाद दिया।

यह नजारा तब देखने को मिला, जब भाजपा की प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पास पहुंची और उनके पैर छू लिए। बाद में कांग्रेस प्रत्याशी साहू ने कहा कि जब कोई पैर छूता है तो उसे आशीर्वाद देना हमारी परंपरा है। विचारधारा और सियासी लड़ाई अपनी जगह है। इससे पहले मंगलवार को बीजेपी और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन फार्म जमा किए। कांग्रेस की ओर से पार्टी के दिग्गज नेता और पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने पर्चा दाखिल किया। बीजेपी प्रत्याशी रुपकुमारी चौधरी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले कांग्रेस के सियासी दिग्गजों ने शक्ति प्रदर्शन किया। सभा के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की।



महासमुंद लोकसभा सीट से बीजेपी की प्रत्याशी जिस वक्त नामांकन दाखिल करने पहुंचीं उसी वक्त ताम्रध्वज साहू भी वहां मौजूद थे। रुपकुमारी चौधरी ने जब ताम्रध्वज साहू को वहां देखा तो तुरंत उनके पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने भी बीजेपी प्रत्याशी को आशीर्वाद देने में कोताही नहीं की। सियासत के मैदान में बहुत कम ऐसे मौके आते हैं जब विरोधी गुट के नेता भी एक दूसरे का मैदान-ए-जंग में आशीर्वाद लेते हैं।

नामांकन के बाद ताम्रध्वज साहू ने कहा कि कांग्रेस बेहतर प्रदर्शन करने जा रही है। साहू ने कहा कि कांग्रेस के खातों को फ्रीज कर दिया गया है लेकिन कांग्रेस के रिश्ते जनता के साथ इतने बेहतर हैं कि पैसों की कमी महसूस नहीं होगी। वहीं रुपकुमारी चौधरी को आशीर्वाद देने पर उन्होंने कहा कि ये हमारी परंपरा है। जब कोई पैर छूता है तो बड़े उनको आशीर्वाद देते हैं। विचारधारा और सियासी लड़ाई अपनी जगह है। रुपकुमारी चौधरी ने भी नामांकन के बाद अपनी जीत का दावा किया।

# ये इमला इमला क्या है, ये इमला इमला

श्रीकंचनपथ




सरकारी नौकरी में जाने का सबसे सीधा तरीका है पीएससी की परीक्षा में अपना नंबर लगवाना। पर यह तरीका आसान नहीं है। इसके लिए ढेर सारी तैयारी करनी पड़ती है। इसकी तैयारी कराने के लिए भी अलग-अलग दुकानें हैं। ढंग का समाचार पत्र पढ़ने वालों को जो बातें यूं ही पता रहती हैं, उसे पढ़ाने के लिए भी कोचिंग कक्षाएं खुली हुई हैं। यहां से बच्चे अच्छी खासी तैयारी करने के बाद पीएससी की परीक्षा दिलाते हैं। जिनका नंबर लग जाता है, उनकी लाइफ सेट हो जाती है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने प्यून भर्ती परीक्षा के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया। 150 नंबर की लिखित परीक्षा में कईयों ने 145 से 147 नंबर हासिल किये। लिखित परीक्षा में 98 फीसदी अंक हासिल करने वाले ये बच्चे मगर इमला लिखने में फेल हो गए। इमला 50 नंबर का होता है। इमला का मतलब शुद्ध लेखन। अंग्रेजी माध्यम स्कूल में इसे डिक्टेशन कहते हैं। प्रायमरी क्लासों में शुद्धलेखन या डिक्टेशन करवाया जाता है, अर्थात सुनकर सही शब्द लिखना। वैसे इमला लिखवाने का यह चलन कुछ अखबारों में भी है। कई साल पहले एक राष्ट्रीय अखबार में नौकरी करने गया। प्रबंधन ने तो झट पास कर दिया और सैलरी भी फिक्स कर दी पर शर्त यह रख दी कि अंतिम फैसला संपादक जी का होगा। गिरीश मिश्रा जी संपादक थे। उनसे मिलने गए तो पहले उन्होंने मेरी जेब की तरफदेखा। वहां कलम देखकर आश्वस्त हुए। दराज में से निकालकर एक ए-4 शीट निकालकर सामने रख दिया। बिना किसी भूमिका के उन्होंने बोलना शुरू किया-आशीर्वाद, जिजीविषा, प्रतिद्वंद्वी.... मैं इशारा समझ गया और इन शब्दों को तेजी से लिखने लगा। उनकी नजर मेरी कलम से उभरते अक्षरों पर ही टिकी रही। हैण्डराइटिंग खराब थी, इसलिए थोड़ा संकोच हो रहा था। उन्होंने उसे ताड़ भी लिया। 10 शब्द लिखवाने के बाद वो मुस्कुराए। नौकरी पक्की। बाद के वर्षों में भी कई अखबारों में काम करने का सौभाग्य मिला। शब्दों को लेकर गाहे-बगाहे बहस भी होती रही। सबसे ज्यादा अफसोस इस बात का होता कि खूब पढ़े लिखे कालेज के प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर तक शब्दों का न केवल गलत उच्चारण करते थे बल्कि उन्हें लिखते भी गलत ही थे। लगभग 50 प्रतिशत लोग श्रीमती को श्रीमति लिखते हैं। आशीर्वाद को आर्शीवाद लिखते हैं। सबसे ज्यादा दुर्गति होती है विद्यालय शब्द की। लोग इसे न केवल विधालय कहते हैं बल्कि लिखते भी हैं। यही इमला जब नौकरी की राह का बड़ा रोड़ा बन जाता है तब जाकर समझ में आता है कि हिन्दी इतनी भी आसान नहीं है। हिन्दी दिवस पर दिया गया भाषण काफी नहीं है। एक और शब्द है दम्पती-अर्थात पति-पत्नी। चलन में इसे दंपति या दंपत्ति लिखा जाता है। दोनों ही गलत हैं। जो लोग हिन्दी को सरल और अंग्रेजी को कठिन समझते हैं, उन्हें कालेजों में हिन्दी परीक्षा के दिन बच्चों का चेहरा अवश्य देखना चाहिए।



प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 18 मई को होगी चयन परीक्षा

**सुकमा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 6 वीं में सीधे प्रवेश हेतु आगामी 18 मई 2024 को चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त चयन परीक्षा के लिए लिंक के माध्यम से 18 अप्रैल 2024 तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। इस निर्धारित तिथि तक भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्रों में 19 से 26 अप्रैल 2024 तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है। उक्त सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट .जतपइंस.बह.हवअ.पद अथवा जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। जिले के अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा, कोंटा एवं छिंदगढ़ में संचालित विद्यालयों में विद्यालयों में प्रवेश चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा छठवीं में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए बालक एवं कन्या आश्रम में प्राथमिक शालाओं में कक्षा पांचवी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रवेश हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरवाने तथा चयन परीक्षा के पूर्व आवासीय कोचिंग क्लास दिया जाएगा। बच्चों को कोचिंग विकासखण्ड कोंटा में बालक आश्रम सामसेट्टी, प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास छिंदगढ़, हाईस्कूल तालनार में प्रदाय किया जाएगा।

### आत्मानंद शासकीय स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया की शुरूवात 10 से

**रायपुर।** पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश भर में अनेक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल खुलवाए गए थे। इस शिक्षा सत्र में इन स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन स्कूलों में प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार भी इसमें लॉटरी पद्धति से एडमिशन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी। छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में दाखिले के लिए 10 अप्रैल से आवेदन जमा होना शुरू हो जाएगा। इस संबंध में जारी निर्देश में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक कक्षा की रिक्त सीटों में से 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित होगा। वहीं महतारी दुलार योजना के तहत कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता के तहत प्रवेश दिया जायेगा। इसके अलावा कुछ अन्य दिशा-निर्देश भी जारी किये गए हैं।

# छग में मोदी की हर गारंटी पूरी होगी- विष्णु देव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज




**कांकेर ।** छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, छत्तीसगढ़ चुनाव प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्रीअरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, विधायक विक्रम उसेंडी, सांसद मोहन मडावी, विधायक आसाराम, नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने शहर में रैली निकाल नामांकन दाखिल किया ।

भोजराज नाग के नामांकन पश्चात नए बस स्टैंड सभा स्थल में सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सभी 11 सीटे जीत रही है। कांग्रेस अपने अस्तित्व पे आये संकट के लिए चुनाव लड़ रही है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस को कहीं कोई जन समर्थन नहीं मिल रहा है। पूरे देश में भाजपा को 400 से ज्यादा सीट मिलेगी जिसमे छत्तीसगढ़ के 11 सीटों का भी योगदान होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभा को संबोधित करते हुये केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुचाने की बात कही थी। साथ ही छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री की गारंटी के तहत 18 लाख परिवार को आवास व दो साल के बोनस को सभी किसानों के खाते मे लगभग 12 लाख किसानों के खाते 16 सौ करोड़ रुपये डाला जा चुका है। वहीं किसानों के समर्थन मूल्य में हो रही धान खरीदी की राशि जल्दी ही किसानों के खाता में एकमुश्त दिया जायेगा। किसानों को थोड़ा सब्र करने की जरूरत है क्योंकि छत्तीसगढ़ के पूर्व के सरकार ने विरासत में हमे खाली खजाना दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा चुनाव के दौरान किये सभी वायदे को पूरा करने की बात कही थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी की देखा देखी कांग्रेस भी लोक लुभावन वादे जनता से कर रही है परंतु जनता को कांग्रेस के वादों पर कोई भरोसा नहीं है । इन्होंने हिमाचल और कर्नाटक विधानसभा चुनाव में किए वादों को अब तक पूरा नहीं किया है । कांग्रेस के वादे भी 70 साल से गरीबी हटाओ के नारे की तरह है जो कभी पूरे हो ही नहीं सकते। छत्तीसगढ़ में भाजपा के पक्ष में माहौल है । जनता ने कांकेर लोकसभा सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटे भाजपा को सौंपने का मन बना लिया है । कांग्रेस सिर्फ अपने वोट बैंक को बचाने के लिए चुनाव लड़ रही है । उन्होंने जनता से लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग को चुनाव में भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का नाम लेने वाला कोई नहीं बचेगा । कांग्रेस में चुनाव से पहले ही भारी भगदड़ मची हुई है। उनके नेता व कार्यकर्ताओ में भाजपा में प्रवेश लेने की होड़ मची हुई है । कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, भाजपा की रीति नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में आ रहे हैं। कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि उनके खुद के नेता अपने पूर्व मुख्यमंत्री पर उपेक्षा, भेदभाव और भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं । आने वाले कुछ वर्षों में कांग्रेस का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। देश में सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने वाली भाजपा का ही राज होगा ।

विधायक विक्रम उसेंडी ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की कई फर्जी घोषणाओं को छत्तीसगढ़ की जनता ने 2018 के चुनाव में भी सुना था । घोषणाएं पूरी नहीं हुई कांग्रेस पार्टी की तरह ही कांग्रेस की घोषणाएं भी फर्जी हैं । झूठ का पुलिंदा जनता इसके कई प्रमाण देख चुकी है।

सांसद मोहन मंडावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश का उत्तरोत्तर विकास हुआ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व पटल पर अपनी अलग छवि बनाई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग की चिंता की है और सब का साथ सबका विश्वास सब का विकास के नारे के साथ देश के हर व्यक्ति के विकास के बारे में सोचा है ।

# समूह की महिलाओं ने निकाली मतदान जागरूकता कलश दीप यात्रा

## महिलाओं ने अपने हाथों में रंग-बिरंगी मेहंदी लगाकर दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज




**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मती रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में समूह की महिलाओं ने मतदान जागरूकता कलश दीप यात्रा आयोजित की। साथ ही जागरूकता रैली आयोजन के अलावा महिलाओं ने अपने हाथों में मतदाता जागरूकता के संदेशों से युक्त रंग-बिरंगी मेहंदी लगाकर मतदान का संदेश दिया। जनपद पंचायत गरियाबंद के कोचबाय संकुल संगठन की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगो को जागरूक करने व शत प्रतिशत मतदान हेतु पारम्परिक रूप से मतदान कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा संकुल केंद्र से शुरू होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए मतदान केंद्र पर समाप्त हुई। मतदान जाकरूकता के लिए लोक परम्परा और संस्कृति के अनुसार जब कलश यात्रा निकाली गई तो कई ग्रामीणजन स्वमेव इस यात्रा में जुड़ते गए। यात्रा में शामिल महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता के नारे व गीत गाये गये। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न गांवों में भी अनेक गतिविधियों का संचालन किया गया। इसी कड़ी में तिरंगा क्लस्टर संगठन रानीपरतेवा में महिलाओं द्वारा मतदान शपथ ग्रहण कर कलश यात्रा के साथ रैली निकाली गई। संकुल संगठन मदनपुर में भी समूह की महिलाअें ने कलश यात्रा निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। विकासखण्ड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम पंचायत अरण्ड में महिलाओं ने रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। जिले के दूरस्थ अंचल देवभोग के ग्राम पंचातय रोहनागुड़ा की महिलाओं ने भी कलश यात्रा निकालकर जागरूकता अभियान में सहभागिता निभाई। संकुल संगठन मदनपुर की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता के विभिन्न श्लोगनों एवं नारो को रंग-बिरंगी मेंहदी के रूप में अपने हाथों में उकेरी।

# सहज करतला अभियानः चुनाव संबंधी अनियमितता पाए जाने पर होगी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में इन दिनों आदर्श आचार संहिता लागू करने तथा कार्रवाई को अमलीजामा पहनाने के लिए पौन दर्जन से ज्यादा थानों एवं पुलिस चैकियों के स्टाफको एक्टिव किया गया है। जिसके तहत एसपी सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में लगातार कार्रवाई का सिलसिला चल रहा है।

इस संबंध में एसपी श्री तिवारी के आदेशानुसार करतला थाने में नवपदस्थ टीआई आशीष सिंह के नेतृत्व में एएसआई मोतीलाल डडसेना अपने स्टाफके साथ सहज करतला अभियान को सफल बनाने तथा अभियान के नाम पर उसका दुरूपयोग रोके जाने के लिए अपने मातहत स्टाफ के साथ करतला थाना क्षेत्र के विशेषकर रामपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वनांचल के गांव में सहज कोरबा अभियान की अलख जगाते हुए लोगों में जागरूकता संदेश फैलाया जा रहा है। एएसआई श्री डडसेना ने बताया कि अभियान के दौरान किसी भी तरह की चुनाव संबंधी अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई में राजपत्रित अधिकारियों के निर्देशन में थाने के प्रधान आरक्षक विजय कुर्रे और मेहमान कुर्रे लगातार एक्टिव देखे जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एएसआई डडसेना अपने मातहतों के साथ वनाच्छांदित उत्पादों के अलावा महुआ संबंधी अपराधों तथा आर्थिक संसाधनों का उपयोग कर लैंगिंग अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार पैनी नजर गांव-गांव में पहुंचकर सर्वे करते हुए लोगों की समस्याओं को निराकरण करने में जुटे हुए हैं।

# गांव-गांव में महिलाएं ले रहीं वोट वचन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** स्वीप अंतर्गत ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता के लिए कार्य किया जा रहा है। लोकतंत्र के पर्व में शामिल होने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बिहान की महिलाएं जागृति ला रहीं हैं। मतदान करने के लिए ग्रामवासियों को घर-घर दस्तक देकर प्रेरित किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में बिहान योजना अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा ग्राम एवं संकुल संगठन स्तर पर मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचित सिंह के निर्देशन में स्वसहायता समूह की लगभग 6300 से अधिक महिला सदस्यों द्वारा अविभाजित राजनांदगांव जिला के 9 विकासखंड के 53 ग्राम संगठन द्वारा वोट वचन का शपथ किया जा चुका है। वोट वचन में महिलाओं द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 26 अप्रैल को वोट देकर अपने मताधिकार का उपयोग करने, साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पडोसियों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित करने का शपथ ले रहीं है। इसके साथ ही स्वसहायता समूहों द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया दिशा निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दंतेवाड़ा । कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार लू से बचाव एवं प्रबंधन हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसके अंतर्गत जिले में भीषण गर्मी पड़ने पर लू के बचाव हेतु जन-सामान्य को उसके लक्षणों की पहचान एवं उपाय तथा प्रारंभिक उपचार हेतु जागरूक किया जाना है। ताकि उक्त परिस्थितियों में ऐसे व्यक्तियों को बचाया जा सके।



सामान्यतः लू के मुख्य लक्षण सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना लू लगने का प्रमुख कारण है। क्योंकि तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी होता है।

### लू से बचाव के लिए उपाय

दिशा निर्देश में कहा गया कि जब तक अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाया जाए, इसके साथ ही धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांधने, अधिक मात्रा पानी पीने, अधिक समय तक धूप में न रहने, गर्मी के दौरान नरम, सूती के कपड़े पहनने, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ. आर. एस. घोल पीने की सलाह दी गयी है। इसके अलावा चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करने, शीतल पेयजल पीने, फलों का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करने को भी कहा गया है। आमजन प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र में निशुल्क परामर्श ले सकते है। लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार के तहत बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाने, अधिक पानी व पेय पदार्थ के सेवन, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र किसी नजदीकी स्वास्थ्य संस्था व अस्पताल में इलाज के लिए ले जाने के भी निर्देश है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.आर पुजारी ने जन सामान्य से अपील की है कि उपरोक्त लक्षण दिखाई देने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में इसका उपचार अवश्य कराये।

# प्रशिक्षण में जितने अच्छे से सीखेंगे, चुनाव कराना उतना ही होगा आसान - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज


कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मतदान दलों के अधिकारियों को कोरबा जिले में निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कोरबा एवं कटघोरा विधानसभा में आयोजित प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया और मतदान दलों के अधिकारियों से कहा कि किसी भी कार्य को बहुत सरल और बहुत कठिन नहीं समझना चाहिए।



निर्वाचन का कार्य चरणबद्ध तरीकों पर आधारित वह प्रक्रिया है, जो कि प्रशिक्षण पर टिका है। मास्टर ट्रेनर जितने अच्छे से प्रशिक्षण देंगे और मतदान दल के अधिकारी जितने गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, उनके लिए निर्वाचन कराना उतना ही आसान हो जाएगा। उन्होंने कोरबा विधानसभा में निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्हालने वाली महिलाओं को चुनाव कार्य से न घबराने की बात कहते हुए आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशानुसार प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्वाचन के कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न कराने प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री वसंत ने आज से प्रारंभ हुए मतदान दलों के प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन कार्य की गंभीरता और जिम्मेदारी से अवगत कराया। उन्होंने विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला अधिकारियों से कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा दी जा रही जानकारियों को अच्छे से समझें और ईवीएम से मतदान कराने के अलावा आवश्यक प्रपत्रों को सही-सही भरने के विषय में जानकारी हासिल करें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की शंका हो, तो मास्टर ट्रेनर से बार-बार पूछें। कलेक्टर ने महिला अधिकारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव की बात है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत कोरबा विधानसभा में निर्वाचन कार्य की सम्पूर्ण जिम्मेदारी महिलाएं सम्हाल रहीं हैं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में आपकी भागीदारी होगी। उन्होंने महिला पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक, दो और तीन के जिम्मेदारियों की जानकारी देते कहा कि सम्पूर्ण रूप से प्रशिक्षित करके ही आपको मतदान कार्य हेतु भेजा जाएगा। इस दौरान किसी भी समस्या व शंका को दूर करने प्रशासन की टीम आपके साथ रहेगी। कलेक्टर ने मतदान केंद्रों में महिलाओं की सुरक्षा तथा सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने की जानकारी दी। उन्होंने मॉकपोल, सीआरसी की जानकारी देते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन शत-प्रतिशत सुरक्षित व सही है। इसकी विश्वसनीयता पर किसी प्रकार का शंका नहीं किया जा सकता। इसलिए बिना किसी दबाव के निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से मतदान संपन्न कराएं। जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई और सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीकांत वर्मा ने भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को निर्वाचन कार्य आसानी से संपन्न कराने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया में इस बार कोरबा विधानसभा क्षेत्र के 249 मतदान केंद्रों में पहली बार पीठासीन अधिकारी से लेकर अन्य मतदान कर्मचारियों के रूप में महिलाएं होंगी। महिलाओं द्वारा निर्वाचन कार्य सफलता पूर्वक संपादित किया जा सके और लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### उत्कल दिवस में शामिल हुए राज्यपाल व मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन 1 अप्रैल को प्रो जेएन पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में आयोजित 'उत्कल दिवस'



समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि वर्ष 1936 में ओडिशा को एक स्वतंत्र प्रदेश के रूप में मान्यता मिली थी। ओडिशा का इतिहास और यहां की वीरगाथा पूरी दुनिया में अनूठी है। ओड़िशा की भाषा, संस्कृति और कला को आगे बढ़ाने के लिए अनेक विभूतियों ने अपना योगदान दिया है। मधुसूदन दास, पंडित गोपबंधुदास, नीलकंठ दास, फक्रीर मोहन सेनापति जैसे विभूतियों के योगदान को आज भी ओडिशा और भारत याद करता है। राज्यपाल ने भाषा के आधार पर ओडिशा राज्य के गठन में योगदान देने वाले मधुसूदन दास का विशेष उल्लेख किया। राज्यपाल ने कहा कि मातृ भूमि और मातृ भाषा के लिए प्रत्येक व्यक्ति के हदय में विशेष भाव होना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न समाज के लोगों को राज्यपाल ने सम्मानित किया। इसके पूर्व राज्यपाल हरिचंदन ने ओड़िशा के प्रसिद्ध समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी और ओड़िशा राज्य के गठन में सक्रिय योगदान देने वाले विभूति मधुसूदन दास की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद सुनील सोनी, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू एवं उत्कल समाज के नागरिक उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री को देंगे रायपुर लोकसभा से प्रचंड जीत का तोहफा : बृजमोहन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आज जो भाजपा सरकार की वापसी हुई है वह हमारे भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है। हमारे कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ में लूट मचा रही महाभ्रष्ट कांग्रेस सरकार की बखिया उधेड़ते हुए उनकी सच्चाई जनता के सामने



रखी और जनहित के लिए संघर्ष करते हुए भूपेश सरकार को उखाड़ फेंका। परिणाम स्वरूप आज देखिए बीजेपी का सुशासन पुन: लौट आया है। यह बात रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बलौदा बाजार विधानसभा के भाजपा मंडलों की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रायपुर लोकसभा से भाजपा की प्रचंड जीत का तोहफा देने की बात भी कही। इन बैठकों में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद सुनील सोनी,विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक धरमजीत सिंह भी मौजूद थे। उन्होंने भी अपने विचार रखे और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

### आत्मानंद शासकीय स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया की शुरूआत 10 से

**रायपुर।** पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश भर में अनेक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल खुलवाए गए थे। इस शिक्षा सत्र में इन स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। लोक शिक्षण संचालनालय ने इन स्कूलों में प्रवेश के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार भी इसमें लॉटरी पद्धति से एडमिशन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी। छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में दाखिले के लिए 10 अप्रैल से आवेदन जमा होना शुरू हो जाएगा। इस संबंध में जारी निर्देश में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक कक्षा की रिक्त सीटों में से 50 प्रतिशत छात्राओं के लिए आरक्षित होगा। वहीं महतारी दुलार योजना के तहत कोरोना में अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता के तहत प्रवेश दिया जायेगा।

# नई-नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

## मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

### वोटर हेल्पलाइन एप

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या




संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

### सुविधा कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।

### वोटर टर्न ऑउट एप

इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।

### सक्षम मोबाइल एप

इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल (यूजर-फ्रैण्डली) बनाने के लिए डिजाइन, ले-आउट, इंटरफेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफा इंटरैक्टिव प्लेटफॉर्म के रूप में डिजाइन किया गया है । सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

### नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप

इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

### इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम (ईएसएमएस) एप

राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीजर) की कार्यवाहियों को इस एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस एप पर अद्यतन करते हैं। इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

### सी-विजिल एप

इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

# निकाली जागरूकता रैली

## कलेक्टर के अगुवाई में दिया मतदान का संदेश




नागरिकों को दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को मतदाता जागरूकता की रैली का आयोजन किया गया। यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गई और अनुपम गार्डन में समाप्त हुई। बाइक रैली को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस टी.पी शर्मा ने हरी झंडी दिखाई।

अनुपम गार्डन में कलेक्टर डॉ. सिंह नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। मतदान नागरिकों का अधिकार है और निर्वाचन के पर्व में मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती है। कलेक्टर ने कहा कि रायपुर लोकसभा के लिए 7 मई को मतदान की तिथि घोषित की गई है। अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों में पहुंचकर मतदान करने के साथ आसपास के लोग, पड़ोसी और अपने परिवारजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए समय-समय पर कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और जिला प्रशासन की टीम कलेक्ट्रेट से मतदाता जागरूकता की तख्ती लेकर बाइक से निकली। बाइक रैली घड़ी चौक, जयस्तंभ चौक, फूल चौक, तात्यापारा चौक, आमापारा, आजाद चौक, आश्रम से होकर अनुपम गार्डन पहुंची। अनुपम गार्डन में कलेक्टर ने बाइक रैली में शामिल लोगों और गणमान्य नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मतदाता जागरूकता के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

अनुपम गार्डन में एआईजी संजय शर्मा और उनकी टीम ने मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। साथ ही जुंबा का आयोजन हुआ। मतदाता जागरूकता के लिए महिलाएं बुलेट और स्कूटी में निकली। तख्ती लेकर निकले वोट की ताकत, पहचानो मतदाता, मजबूत प्रजातंत्र से इसका नाता, हमारा आह्वान, करें मतदान, बनें महान जैसे कई संदेश मतदाता जागरूक के दिए गए।

## पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान करने की सुविधा

# मतदान केन्द्र में वृद्ध, नि:शक्त-दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी विशेष सुविधाएं

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान दिव्यांग, वृद्धजन और नि:शक्त मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं को मतदान केन्द्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका पूर्णत: पालन कराया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं हेतु पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ ही दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र को भू-तल में रखा जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क होनी चाहिए। मतदान केंद्र में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, दिव्यांग मतदाताओं के अनुकुल शौचालय,




प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उपयुक्त ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित होना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग के लिए एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड स्वयंसेवकों की नियुक्ति किए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरीयता प्रदान किया जाए। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील और जागरूक बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात् उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु नि:शुल्क परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति है। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखे जाने के भी निर्देश हैं जिसे मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जाना है। दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराया जाए। मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ की स्थिति की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने हेतु साइनेज चस्पा किया जाए। दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं में से इच्छुक अनुपस्थित मतदाताओं के द्वारा विकल्प देने पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांग मतदाताओं हेतु सक्षम एप की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

# डाक मतपत्रों के लिए नोडल अधिकारी करें नियुक्त

## एसीईओ ने डाक विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायपुर।** अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (एसीईओ) नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सेवा मतदाताओं से डाक मतपत्रो की वापसी के संबंध में डाक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेशकुमार क्षीरसागर द्वारा डाक विभाग के अधिकारियों को सेवा मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों के वितरण हेतु लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के मुख्यालय जिलों में नोडल अधिकारी तथा पोस्टमैन नामित करने निर्देशित किया गया, जो संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे डाक मतपत्र वितरित करेंगे।

बैठक में डाक मतपत्र वितरण हेतु अधिकृत पोस्टमैन के लिये रिटर्निंग अधिकारी से समन्वय स्थापित कर परिचय पत्र जारी करवाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि पोस्टमैन को मतगणना के दिन मतदान केंद्र में प्रवेश के दौरान असुविधा ना हो। मतगणना के दिन निर्धारित समय पर डाक मतपत्र वितरण हेतु विशेष सतर्कता




बरतने हेतु निर्देशित किया गया। डाक सेवा अनिवार्य सेवाओं की श्रेणी में शामिल है। अत: निर्वाचन में डाक कर्मियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु डाककर्मियों को निर्धारित समयावधि में फार्म 12डी में रिटर्निंग अधिकारी को आवेदन कर मतदान हेतु डाकमतपत्र प्राप्ति के संबंध में भी जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के राज्य स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारियों की बैठक में जानकारी दी थी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य मे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तीन चरणों में सम्पन्न किए जा रहे हैं। प्रथम चरण हेतु 30 मार्च 2024 को 1603 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट प्रसारित किये गए है। द्वितीय चरण हेतु 8 अप्रैल 2024 एवं तृतीय चरण हेतु 22 अप्रैल 2024 को सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक पोस्टल बैलेट ऑनलाइन प्रसारित किया जाएगा। बैठक में सहायक संचालक डाक विभाग आलोक गोमास्ता, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय कुमार अग्रवाल तथा प्रदीप कुमार बैध उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई


आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333


आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेन्डर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता

लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com


BIHAR
BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

## अगर आप भी हो जाते हैं आग बबूला, तो गुस्से को कंट्रोल करने के टिप्स



गुस्सा हम सभी को आता है मगर कई लोगों का इस पर कंट्रोल होता है और कुछ लोग अपने गुस्से पर कंट्रोल नहीं कर पाते, जिससे रिश्ते खराब होने के साथ-साथ और भी कई नुकसान झेलने पड़ सकते हैं। आइए आज आपको बताएंगे कुछ ऐसे टिप्स जो आपको गुस्सा कंट्रोल करने में आपकी काफी मदद करेंगे।

### टहलना

जब भी आपको किसी बाता पर गुस्सा आए तो सब कुछ इग्नोर कर वॉक पर निकल जाएं, आपको थोड़ी देर में ही महसूस होगा की आपका गुस्सा शांत हो गया है।

### मेडिटेशन

मेडिटेशन करने से हमारा दिल और दिमाग शांत रहता है, इसलिए मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें।

### गहरी सांस लेना

जब भी आपको गुस्सा आए तो गहरी सांस लेना शुरू करें ये प्रक्रिया आपके मन और दिमाग दोनों को शांत कर देगी।

### म्यूजिक सुनें

गुस्सा आने पर लाइट म्यूजिक सुनें ये आपके गुस्से को एक दम शांत कर देगा।

### मुस्कुराएं

गुस्सा आने पर स्माइल करें या फिर जोर से ठहाके लगाना भी काफी फायदेमंद होता है।

### शांत रहें

गुस्सा आने पर हम वैसे ही रिएक्ट करते हैं जैसे सामने वाला करता है, इसलिए उसके विपरित खुद को शांत रखें और समस्या का हल निकालने पर ध्यान दें।

# अजय के बर्थडे पर काजोल ने किया फनी पोस्ट, बोलीं 'मुझे पता है तुम बच्चों की तरह कूद रहे हो'



काजोल ने अजय को विश करते हुए उनकी इस 'सीरियस' इमेज पर एक ट्विस्ट के साथ क्यूट मैसेज शेयर किया। काजोल ने अपनी पोस्ट में अजय को अपने बर्थडे के लिए जितना एक्साइटेड बताया, वो खुद अजय के पक्के वाले फैन्स के लिए भी सरप्राइजिंग होगा।

बॉलीवुड स्टार अजय देवगन अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग और धुआंधार एक्शन के लिए फेमस अजय की रियल लाइफ में बहुत सीरियस नजर आते हैं। अब अजय को बर्थडे विश करते हुए उनकी 'सीरियस' इमेज पर उनका व्यंग्य है और ऐसा होना कितना मुश्किल है। काजोल ने अपनी पोस्ट के अंत में नोट लिखा, 'अगर किसी के पास उनका ऐसा कुछ करते हुए वीडियो है, तो प्लीज मुझे तुरंत भेज दें।' काजोल ने अजय की जो फोटो शेयर की, वो इन दोनों के किसी वेकेशन से लग रही है। इसमें अजय ने वाइट टीशर्ट पहनी है और सनग्लास लगाए हुए हैं।

### नई फिल्म के लिए तैयार हो रहे अजय देवगन

अजय के काम की बात करें तो, तो उनकी पिछली रिलीज 'शैतान' बड़ी हिट बन चुकी है। पिछले महीने आई उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 150 करोड़ कमाने के बहुत करीब है। एक तरफ वो इसकी कामयाबी एन्जॉय कर रहे हैं, दूसरी तरफ उनकी नई फिल्म 'मैदान' रिलीज के लिए तैयार है। मैदान' 10 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हो रही है और इसमें अजय एक फुटबॉल कोच का रोल कर रहे हैं। ईद के मौके पर आ रही उनकी ये फिल्म अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर 'बड़े मियां छोटे मियां' के साथ क्लैश होने जा रही है।

वाइफ एक्ट्रेस काजोल ने एक मजेदार पोस्ट किया है।

### बच्चों की तरह कूदते अजय देवगन

इंस्टाग्राम पर काजोल ने अजय की फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'चूंकि मैं जानती हूं कि तुम अपने बर्थडे को लेकर बहुत एक्साइटेड हो और बच्चों की तरह उछल रहे हो और तालियां बजा रहे हो और अपने केक के बारे में सोचकर नाच रहे हो। तो मैं तुम्हारे इस दिन की शुरुआत करती हूं, वेरी वेरी वेरी हैप्पी बर्थडे अजय।'

काजोल के इस पोस्ट में उन्होंने अजय का जो डिस्क्रिप्शन दिया है, वो बहुत लोगों के दिमाग में अजय की इमेज से मैच नहीं होगा। मगर उन्होंने सिर्फ एक लाइन से क्लियर कर दिया कि ये अजय की

# दिशा पाटनी का दिखा किलर लुक

अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के लिए मशहूर एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। दिशा पाटनी ने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने के लिए काफी हैं।



दिशा पाटनी ने पिंक कलर का सेक्सी आउटफिट पहना है। ग्लोइंग मेकअप के साथ बालों को खास अंदाज में संवारा है। मैंचिंग ईयररिंग्स उनपर काफी जच रहे हैं और कैसरे के सामने सेक्सी पोज दे रही हैं। तस्वीरें देखते ही फैंस दीवाने हो गए हैं और एक्ट्रेस की हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरों मे दिशा पाटनी बेहद हॉट लग रही हैं।

**एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान**


फैंस सोशल मीडिया पर कमेंट सेक्शन में उनके इस कातिलाना लुक की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने लिखा- दिशा आपका लुक कमाल है। वहीं दूसरे यूजर ने एक्ट्रेस से पूछा उनकी नई फिल्म कब आने वाली है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर मात्र कुछ घंटों में लाखों लाइक्ट और कमेंट्स की बौछार हो चुकी है। हाल ही में एक्ट्रेस की फिल्म योद्धा बड़े पर्दे पर रिलीज हुई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा अच्छी कमाई नहीं कर पाई थी। फैंस को इस फिल्म में दिशा की एक्टिंग खूब पसंद आई थी।

बता दें, दिशा पटानी ने साल 2015 में आई तेलुगू फिल्म लोफर से अपने एक्टिंग करने की शुरुआत की थी। बॉलीवुड में दिशा पहली बार साल 2016 में आई फिल्म एम एस धोनी: एन अटोल्ड स्टोरी में नजर आईं। इसके बाद दिशा ने एक विलेन रिटर्न्स, मलंग, राधे। योद्धा और बागी 2 जैसी फिल्मों में नजर आई हैं।

# विजय देवरकोंडा स्टारर फैमिली स्टार की एडवांस बुकिंग शुरू, 5 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म

स्टार हीरो विजय देवराकोंडा की आगामी फिल्म फैमिली स्टार अगले शुक्रवार को सिनेमाघरों में भव्य रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म के लिए टिकट बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। अपने टीजर, गीतात्मक गीतों और ट्रेलर की रिलीज के बाद, फैमिली स्टार ने जबरदस्त चर्चा पैदा कर दी है। यह उत्साह टिकट बुकिंग में भी साफ दिख रहा है, सिनेमाघरों और मल्टीप्लेक्स दोनों में टिकटें तेजी से बिक रही हैं। एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फिल्म के रूप में, दर्शक अपने परिवार के साथ फैमिली स्टार देखने के लिए उत्सुक हैं।

प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले स्टार निर्माता दिल राजू और शिरीष द्वारा निर्मित, फैमिली स्टार को निर्देशक परसुराम पेटला ने एक संपूर्ण मनोरंजन के रूप में तैयार किया है। मृणाल ठाकुर नायिका के रूप में हैं, जबकि वासु वर्मा रचनात्मक निर्माता के रूप में काम करते हैं।



एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन फिल्म के रूप में, फैमिली स्टार ने सभी उम्र के दर्शकों के साथ तालमेल बिठा लिया है, जिससे यह गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन की तलाश करने वाले परिवारों के लिए एक अवश्य देखने योग्य फिल्म बन गई है। फिल्म का निर्माण प्रसिद्ध निर्माता दिल राजू और शिरीष ने श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले किया है, जिससे इसकी रिलीज को लेकर प्रत्याशा बढ़ गई है। मनोरंजक फिल्में देने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर, परसुराम पेटला द्वारा निर्देशित, फैमिली स्टार एक आनंददायक सिनेमाई अनुभव का वादा करती है।

प्रतिभाशाली मृणाल ठाकुर की मुख्य भूमिका वाली फैमिली स्टार एक मजबूत रचनात्मक टीम का दावा करती है, जिसमें वासु वर्मा रचनात्मक निर्माता के रूप में कार्यरत हैं। यह फिल्म 5 अप्रैल को भव्य नाटकीय रिलीज के लिए तैयार है, और दर्शक बड़े पर्दे पर जादू देखने के लिए उत्सुकता से दिन गिन रहे हैं।

# 35 की उम्र में एक्ट्रेस मोहिना कुमारी बनीं दूसरी बार मां

### वर्तमान कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज के घर गूंजी किलकारी



बधाई हो घर में खुशियां आई हैं। उत्तराखंड सरकार में वर्तमान कैबिनेट मंत्री सतपाल महराज की बहू टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' से घर-घर में खास पहचान बनाने वालीं एक्ट्रेस मोहिना कुमारी ने घर में एक बार फिर खुशिया दी है। साल 2022 में एक्ट्रेस मोहिना कुमारी पहली बार मां बनी थी। करीब 2 साल के बाद उन्होंने एक नए मेहमान को जन्म दिया है। इस खबर के बाद सतपाल महराज का घर का नहीं रीवा को राजघराने के भाग्य भी जग गए हैं। एक्ट्रेस मोहिना कुमारी के घर फिर से बच्चे की किलकारी गूंजी है। हाल ही में उन्होंने दूसरे बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे के जन्म के बाद एक्ट्रेस अपने पति के साथ घर पहुंचीं, जहां एक्ट्रेस का जोरदार स्वागत हुआ।

'नया अकबर बीरबल', 'कुबूल है', 'सिलसिला प्यार का' और 'प्यार तूने क्या किया' जैसे कई फेमस सीरियल्स में काम किया, लेकिन उन्हें 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 'कीर्ति गोयनका सिंघानिया' बनकर घर-घर में पहचान बनाने वालीं एक्ट्रेस मोहिना ने हाल ही में एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। मां और बेटी दोनों ही हॉस्पिटल से डिस्चार्ज हो चुकी हैं और घर पर परिवार में उनका जोरदार स्वागत भी हुआ। 'रीवा का राजकुमारी' मोहिना के एक फैन पेज से ये पता चला है कि उनके दूसरे बच्चे का जन्म हो गया है और वो इस बार बेटी की मां बनी हैं। हालांकि मोहिनी ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर भी बधाई की एक तस्वीर शेयर की है। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी के बारे में खुद मोहिना कुमारी ने अपने एक वीडियो के जरिए दी है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक बेहद प्यारा वीडियो शेयर किया। जिसमें वह पिंक ड्रेस में क्लासिकल डांस कर करती हुई दिखी थीं।

# पतली आइब्रो से आप भी हैं परेशान, अपनाएं ये टिप्स



सुंदर दिखने के लिए लोग बहुत कुछ करते हैं। लड़का हो या लड़की हर कोई खूबसूरत दिखना चाहता है। इसके लिए लोग कई ब्यूटी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार चेहरे पर कुछ दाग धब्बे, डार्क सर्कल्स और कुछ निशान होने की वजह से लोगों के फेस का लुक थोड़ा सा खराब हो जाता है।

यही नहीं कुछ लोगों की आइब्रो बहुत ज्यादा पतली होती है जिस वजह से भी उन्हें शर्म जैसा महसूस होता है। आपकी भी आइब्रो अगर पतली है तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ खास टिप्स के बारे में बताएंगे जिसे फॉलो कर आप अपनी आईब्रो घनी कर सकते हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।

### इन चीजों का करें इस्तेमाल

पतली आइब्रो चेहरे का लुक बिगाड़ देती है, इसे घनी करने के लिए आप कुछ टिप्स को फॉलो कर सकते हैं जैसे की रात को सोने से पहले आपको अपनी आइब्रो पर नारियल तेल लगाना है और फिर धीरे-धीरे मसाज करनी है। ध्यान रहे आपको रात में नहीं धोना है। रात भर तेल लगा रहने दे, फिर सुबह उठ कर अपने मुंह को धो लें। एलोवेरा जेल भी आइब्रो को घना करने में काफी फायदेमंद माना गया है।

इसके अलावा आप प्याज का रस अपनी आइब्रो पर लगा सकते हैं, 15 से 20 मिनट होने के बाद आप इसे धो लें। आइब्रो को घना करने के लिए अरंडी का तेल भी काफी फायदेमंद माना गया है। मेथी दाना शुरू से ही बालों की ग्रोथ के लिए काफी जाना जाता है। आइब्रो घनी करने के लिए आपको मेथी दाने को रात में पानी में भिगोकर रखना है सुबह इसे पीसकर इसका पेस्ट बना ले और अपने आइब्रो पर लगा ले। पेस्ट लगाने के 20 मिनट बाद इसे आप धो सकते हैं। इन सबके अलावा आप अपनी डाइट में विटामिन ए,बी,सी और ई जैसे फूड शामिल करें। यह सब टिप्स आपकी आइब्रो घनी करने में मदद कर सकती है। लेकिन ध्यान रहे कुछ लोगों को फेस पर एलर्जी या दाने जैसी समस्याएं हो सकती है, अगर ऐसा कुछ होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## गर्मियों के मौसम में जरूर पीना चाहिए सत्तू का शरबत



सत्तू शरबत गर्मियों का काफी फेमस ड्रिंक है। ये न केवल स्वाद बल्कि सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद माना जाता है। सत्तू के शरबत का सेवन करने से आप दिनभर एनर्जेटिक महसूस कर सकते हैं। इसके अलावा ये आपके शरीर को ठंडक पहुंचाने में भी मदद कर सकता है। सत्तू शरबत को आप नमकीन या मीठा अपनी पसंद के हिसाब से बना सकते हैं। सत्तू में फाइबर, आयरन, मैंगनीज, प्रोटीन, मैग्नीशियम और लो सोडियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो शरीर को कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में मददगार है। सत्तू का शरबत पीने के फायदे

1. वजन घटाने-गर्मियों के मौसम में सत्तू के शरबत का सेवन करने से वजन को कम करने में मदद मिल सकती है। क्योंकि सत्तू में फाइबर अच्छी मात्रा में होता है, जो आपके पेट को लंबे समय तक भरा हुआ एहसास कराने का काम कर सकता है।

2. एनर्जी-सत्तू में बहुत से मिनरल्स जैसे आयरन, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस आदि पाए जाते हैं, जो शरीर को तुरंत एनर्जी देने का काम कर सकते हैं।

3. लू से बचाने-सत्तू की तासीर ठंडी होती है, जिसकी वजह से गर्मियों में इसका सेवन करने से लू और डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में मतदान दलों का किया गया द्वितीय रेण्डमाईजेशन

**दंतेवाड़ा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ.जे. गणेशन एवं पुलिस ऑब्ज़र्वर रामकिशुम (आई.पी.एस. 2010) की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के डंकनी सभाकक्ष में मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। साथ ही सामान्य प्रेक्षक द्वारा रेंडमाइजेशन के पश्चात् डाईट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम का अवलोकन करते हुए मतगणना संबंधित मूलभूत व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी। इसके पूर्व सामान्य प्रेक्षक द्वारा स्थैतिक निगरानी दल, एफएसटी, व्यय लेखा दल मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, आबकारी विभाग, पुलिस प्रशासन सहित सभी निर्वाचन दायित्वों से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा निर्वाचन संबंधी मुलभूत जानकारी जैसे मतदान केन्द्रों की संख्या, विस्थापित हुए मतदान केन्द्र, संवेदनशील मतदान केंद्र, मतदाताओं की संख्या, सामान्य बूथ, युवा मतदान केंद्र, पिंक बुथ, पीडब्ल्यू बुथ, बाहर से आने वाले सुरक्षा बलों के ठहरने के व्यवस्थाओं सहित अन्य जानकारी से सामान्य प्रेक्षक को अवगत कराया गया। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक ने पुलिस बलों की उपलब्धता और सुरक्षा बलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की भी जानकारी ली गयी। बैठक में इसके साथ ही पीपीटी के माध्यम से जिलें उपलब्ध बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट की संख्यात्मक जानकारी भी दी गयी। इस दौरान पुलिस ऑब्जर्वर रामकिशुम, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्व रंजन, संयुक्त कलेक्टर हिमांचल साहू, सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### तीरंदाजी खेल के लिए टैलेंट सर्च शिविर प्रारंभ

**राजनांदगांव।** तीरंदाजी की प्रतिभावान खिलाड़ियों की तलाश करने विशेष प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है। यह शिविर 7 अप्रैल तक अंतराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में शाम 4 से 6 बजे तक चलेगा। शिविर में 10 वर्ष से लेकर 17 वर्ष की बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। जिला खेल एवं युवक कल्याण राजनांदगांव , स्वर्गीय अभिलेख अग्रहरी वेलफेयर फाउंडेशन एवं संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सहयोग से नए तीरंदाजी खिलाड़ियों की खोज के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सीनियर कोच राहुल साहू ने बताया गया कि शिविर में किसी भी स्कूल के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। इन्हें एनआईएस प्रशिक्षक राहुल साहू एवं कुशल रजक द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस कैंप में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला खेल एवं युवक कल्याण राजनांदगांव एवं संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव के सहयोग से विगत कई वर्षों से इस तरह के कैंप लगातार लगाया जा रहा है। उसी का परिणाम है कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ राजनांदगांव से तीरंदाजी खेल प्रशिक्षण प्राप्त कर स्कूल गेम्स, सीबीएसई गेम्स, केन्द्रीय विद्यालय गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स, ओपन गेम्स में जोन, स्टेट एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों को एनआईएस कोच राहुल साहू एवं कुशल रजक द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ता किसी सैनिक से कम नहीं:बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। भारतीय जनता पार्टी पंचायत से लेकर लोकसभा चुनाव तक किसी को भी कमतर नहीं आंकती है। इसीलिए पार्टी हर चुनाव को अपनी पूरी ताकत के साथ लड़ती है। पार्टी 12 महीने 24 घंटे सातों दिन चुनाव के लिए तैयार रहती है। पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से काम नहीं है। जो यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हमेशा तैयार खड़ा है। यह बात मंगलवार को वरिष्ठ मंत्री एवं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने भाटापारा में मंडल बैठक के दौरान कही। इन बैठकों का आयोजन निपनिया मंडल, भाटापारा नगर मंडल, भाटापारा ग्रामीण और सिमगा मंडल में किया गया था। इन बैठक का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में बेहतर बूथ प्रबंधन था।**



इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता किसी सैनिक से कम नहीं है जो केवल पार्टी ही नहीं बल्कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत के निर्माण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के समय पालिका चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक मुख्य मुद्दा नाली, सड़क, बिजली और पानी का होता था। लेकिन पिछले 10 सालों में नरेंद्र मोदी ने देश की दशा और दिशा दोनों बदल दी हैं। आज ग्रामीण इलाकों तक में गरीबों को पक्के मकान, नल जल योजना से जल, 24 घंटे बिजली मिल रही है। जिससे ग्रामीण इलाकों के बच्चों को शिक्षा के लिए बेहतर माहौल मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है कि हमारी महिलाओं को आत्म सम्मान के साथ ही उनको आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है महतारी बंधन योजना के तहत मोदी ने महिलाओं को प्रति महीने ?1000 देने भी शुरू कर दिए हैं। महिलाओं में आर्थिक आजादी भी आएगी उनकों दूसरों के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की यह जिम्मेदारी है कि वह मोदी के इन्हीं कार्यों को लेकर जनता के बीच में जाएं और उन्हें कमल के फूल को वोट देकर मोदी जी को मजबूत बनाने का आह्वाहन करें( पत्रकारों से बात करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह मीटिंग मंडल स्तर और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देने के लिए की गई है। रायपुर लोकसभा चुनाव जीतने के लिए, कार्यकर्ता मोदी जी की जो गारंटी पूरी हुई हैं। उन्हें घर-घर तक पहुंचाएं। भारतीय जनता पार्टी रायपुर लोकसभा सीट ज्यादा से ज्यादा मतों से जीते इसी विषय पर चर्चा हुई एवं कार्य योजना बनाई गई है। मोदी जी के विचारों और कार्यों से आज पूरा देश प्रभावित हो रहा है। इसी का परिणाम है देश भर में लोग कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का दामन थामने के लिए आगे आ रहे है। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने बृजमोहन अग्रवाल को भाटापारा विधानसभा क्षेत्र से एक लाख से ज्यादा मतों में जीत दिलाने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा, देवजी भाई पटेल, सनम जांगड़े, जिला मंत्री महाबल बघेल सुनील मिश्रा, निपनिया मंडल अध्यक्ष धनीराम साहू,भाटापारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डबलू सिंह ठाकुर, सिमगा मंडल अध्यक्ष केजु राम बघेल, भाटापारा नगर मंडल अध्यक्ष मनिंदर सिंह गुम्बर, सुरेश यदु , पवन वर्मा, कांति आडिल समेत जिला पंचायत सदस्य कविता देवांगन, पार्षद और मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर बृजमोहन अग्रवाल की उपस्थिति में सरपंच समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसियों और दूसरे लोगों ने भाजपा की सदायस्ता ग्रहण की।

### दुनियाभर में भारत का डंका बज रहा है : बृजमोहन

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज दुनिया भर में भारत का डंका बज रहा है भारत एक तेज़ी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के लिए कार्यकर्ता जनता से भाजपा को वोट देने के लिए अपील करें। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर मतदाताओं से सीधा संपर्क करना होगा। उनको पार्टी के विचार और कार्योजनाओं के बारे में जानकारी देनी होगी। जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को समय निकालकर जन संपर्क करना होगा। उन्होंने महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि, एक महिला दूसरी महिला की बात अच्छे से सुनती और समझती है। इसलिए महिला कार्यकर्ता भी पूरी तैयारी और जानकारी के साथ महिला मतदाताओं के बीच जाएं और कमल के फूल के लिए वोट मांगे।

# मनरेगा श्रमिकों को मिलेंगे प्रति दिवस 243 रूपये की मजदूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 01 अप्रैल 2024 से भारत सरकार, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 (2005 का 42) की धारा 6 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय की अधिसूचना सं.का,आ, 463(अ) तारीख 26 फरवरी 2013, के तहत संशोधन की गई है।**

तत्संबंध में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में मनरेगा के अकुशल श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से नयी मजदूरी दर 243.00 रूपये प्रति दिवस निर्धारित किया गया है। वर्ष 2023-24 में मजदूरी दर 221.00 रूपये प्रति दिवस था, वित्तीय वर्ष 2024-25 में बढ़कर श्रमिकों की मजदूरी दर 243.00 रूपये प्रति दिवस हो गया। वर्तमान में प्रत्येक दिवस पर कार्य करने वाले महिला व पुरूष श्रमिकों को समान रूप से मजदूरी के रूप में 243.00 रूपये मिलेंगे।

इस तरह से 22.00 रूपये की वृद्धि हुई है। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अब जो भी कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किया जायेगा उसकी तकनीकी प्राक्कलन अब बढ़ी हुई नयी मजदूरी दर 243.00 रूपये के हिसाब से बनेंगे।

आगे उन्होंने यह भी बताया कि-महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना प्रारंभ से लेकर अब तक दैनिक मजदूरी दर इस प्रकार रही है। वर्ष 01 दिसम्बर 2006 से 62.63 रूपये, 01 मई 2007 से 66.70 रूपये, 01 नवम्बर 2007 से 69.00 रूपये, 01 अप्रैल 2008 से 72.23 रूपये, 01 अक्टूबर 2008 से 75.00 रूपये, 01 नवम्बर 2009 से 83.73 रूपये, 04 जनवरी 2010 से 100.00 रूपये, 01 जनवरी 2011 से 122.00 रूपये, 01 जनवरी 2012 से 132.00 रूपये, 01 अप्रैल 2013 से 146.00 रूपये, 01 अप्रैल 2014 से 157.00 रूपये, 01 अप्रैल 2015 से 159 रूपये, 01 अप्रैल 2016 से 167.00 रूपये, 01 अप्रैल 2017 से 172.00 रूपये, 01 अप्रैल 2018 से 174.00 रूपये, 01 अप्रैल 2019 से 176.00 रूपये, 01 अप्रैल 2020 से 190.00 रूपये, 01 अप्रैल 2021 से 193.00 रूपये, 01 अप्रैल 2022 से 204.00 रूपये, 01 अप्रैल 2023 से 221.00 रूपये, 01 अप्रैल 2024 से 243.00 रूपये है। इस आशय की जानकारी संबंधित पंचायत एवं निर्माण एजेंसियों को व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु नोटिस बोर्ड या मुनादी के माध्यम से कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# डाक मत पत्र से मतदान कर सकेंगे अनिवार्य सेवा कर्मी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को 'अनिवार्य सेवा' के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर की समय-सीमा में संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होगा।

# एसईसीएल के लिए ऐतिहासिक नतीजों से भरा रहा वित्तीय वर्ष 23-24

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** वित्तीय वर्ष 2023-24 एसईसीएल के लिए ऐतिहासिक नतीजे लेकर आया। कम्पनी ने 187 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया जो कि स्थापना से किसी भी एक वर्ष का सर्वाधिक उत्पादन है। एसईसीएल ने वार्षिक आधार पर लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। गत वित्तीय वर्ष में एसईसीएल ने 180.5 मिलियन टन कोयला उपभोक्ताओं को प्रेषित किया जिसमें सर्वाधिक 147.8 मिलियन टन कोयला देश के विद्युत संयंत्रों को भेजा गया, यह किसी एक वर्ष में कम्पनी द्वारा पावर सेक्टर को दिया गया सर्वाधिक डिस्पैच है। ओव्हर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) में कम्पनी ने ऐतिहासिक परिणाम दिए व 22 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 323.2 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर निष्कासित किया।



एसईसील के रिकॉर्ड उत्पादन में मेगापरियोजनाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसईसीएल कीकुसमुंडा खदान ने उत्पादन लक्ष्य भेदते हुए 50 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन हासिल किया और इसी के साथ यह गेवरा के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान बनी। गेवरा ने लगातार दूसरे वर्ष 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन पार किया और खदान का कुल उत्पादन 59 मिलियन टन के पार हुआ। कम्पनी की तीसरी मेगा परियोजना दीपका ने भी पिछले वर्ष के वार्षिक उत्पादन को पीछे छोड़ते हुए 33.42 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया। इसके साथ ही कंपनी के रायगढ़ एवं सोहागपुर क्षेत्रों ने अपना लक्ष्य हासिल करते हुए क्रमशरू 14.48 मिलियन टन एवं 6.03 मिलियन टन उत्पादन किया। एसईसीएल का यूजी प्रोडक्शन 12 मिलियन टन रहा तथा इसमें लगातार दूसरे वर्ष वृद्धि दर्ज की गयी। विदित हो कि यूजी विजन के तहत कम्पनी ने कान्टिन्यूअस माईनर जैसे आधुनिक तकनीक के भूमिगत खदानों में नियोजन को प्रोत्साहित किया है जिसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। गेवरा बनेगी एशिया की सबसे बड़ी खदान, 70 मिलियन टन के लिए मिली पर्यावरणीय स्वीकृति वित्तीय वर्ष 23-24 में एसईसीएल की गेवरा खदान के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ी जब खदान को 70 मिलियन टन उत्पादन क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिली। इसके साथ ही अब गेवरा का एशिया की सबसे बड़ी खदान बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में इस वर्ष कुल 707 भूविस्थापितों को रोजगार स्वीकृत किए जो कि पिछले एक दशक में सर्वाधिक है। एसईसीएल ने गत वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक कार्यों पर सीएसआर व्यय के लक्ष्य को हासिल किया। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर 60त्न खर्च के लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल द्वारा सीएसआर व्यय का 70त्न इस क्षेत्र में खर्च किया गया। एसईसीएल द्वारा सीएसआर अंतर्गत एसईसीएल के सुश्रुत योजना की शुरुआत की गई जिसके तहत छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में स्थित कंपनी के संचालन क्षेत्रों के 30 बच्चों का चयन कर उनको निशुल्क आवासीय नीट-मेडिकल कोचिंग दी जा रही है,अमृत फार्मेसी खुलने से किफायती दरों पर दवाएं होंगी।

# मतदान के पहले करना होगा राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्व-प्रमाणीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 में इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के साथ ही प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन को रोकने के संबंध में व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत देश में हो रहे सातों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणीकरण आवश्यक है।**




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी परिपत्र की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत तीनों चरणों के मतदान दिवस और उसके एक दिन पूर्व प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए यह अनिवार्य होगा। आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 18 और 19 अप्रैल, दूसरे चरण में 25 और 26 अप्रैल तथा तीसरे चरण में 6 और 7 मई को प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व जिला अथवा राज्यस्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति से विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य स्तरीय तथा जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन समिति को प्रमाणन हेतु प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि आवेदनकर्ताओं द्वारा ऐसे विज्ञापन के प्रस्तावित प्रकाशन दिनांक से कम से कम दो दिवस पूर्व मीडिया प्रमाणन समिति को आवेदन प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतदान दिवस के पूर्व एवं मतदान तिथि को प्रिंट मीडिया में भ्रामक प्रकृति के विज्ञापनों के प्रकाशन के बाद वे दल अथवा प्रत्याशी जो इससे प्रभावित होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सफाई अथवा खंडन का अवसर नहीं होता। ऐसे में स्वतंत्र, पारदर्शी और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान दिवस के एक दिन पहले और मतदान तिथि को राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के पूर्व विज्ञापनों का पूर्वप्रमाणन आवश्यक है।

# मैदान से मतदान का संदेश के साथ खेला गया क्रिकेट मैच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सिक्स सिक्स सिक्स कैच पकड़ो, छूटने ना पाए, आउट, अब हैट्रिक मिलेगा ऐसी जोश के साथ आवाज और अपील राजधानी के मध्य स्थित सुभाष स्टेडियम मे आ रही थी। मौका था स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन रायपुर द्वारा अंतरविभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का। ''मैदान से मतदान का संदेश'' से लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत रायपुर में तृतीय चरण 07 मई को होने वाले मतदान के लिए रायपुर के नागरिकों से मतदान करने की अपील की गई। क्योंकि यह टूनामेंट मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित की गई है। 10-10 ओवर का फ्लड लाईट मैच बडा ही रोमांचकारी था। जिसमें पहली विजयी टीम महिला एवं बाल विकास रही।

उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि रायपुर संभागायुक्त डॉ संजय अलंग रहे, जिन्होंने समस्त खिलाड़ियों एवं दर्शक दीर्घा में उपस्थित दर्शकों को मतदान के प्रति शपथ दिलाई। शपथ पश्चात सभी टीमों के खिलाड़ियों द्वारा मार्चपास्ट किया गया। तत्पश्चात संभागायुक्त डॉ संजय अलंग ने टॉस कराते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावनाओं के साथ खेलने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैदान से क्रिकेट मैच खेलते हुए मतदान करने का संदेश देने के उद्देश्य से प्रारंभ हो रहे अंतरविभागीय क्रिकेट टूनामेंट निश्चित ही मतदाताओं के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाएगी। ज्ञात हो कि बारह दिनों तक चलने वाले इस रोमांचक क्रिकेट टूनामेंट का आज पहला मैच कलेक्ट्रेट एवं निर्वाचन अधिकारियों और महिला एवं बाल विकास के अधिकारियों के बीच हुआ। जिसमें महिला बाल विकास के खिलाड़ियों ने पहले इनिंग में बैटिंग करते हुए अपने प्रतिद्वदी टीम को 132 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए।

# सीएचसी पुसौर पहुंचे सीएमएचओ, साफ - सफाई एवं मेडिकल व्यवस्था की ली जानकारी

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.वी.के.चंद्रवंशी ने विकासखंड पुसौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की साफ -सफाई और मेडिकल व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में आज पर्यन्त तक आई.पी.डी शुरू नहीं होने पर गहरी नाराजगी जताते हुए एक सप्ताह के भीतर आई.पी.डी सुविधा प्रारंभ करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्र में सभी अधिकारी/ कर्मचारी निर्धारित समय पर ड्यूटी संपादन करने व सेक्टर प्रभारियों से एम.टी बैठक में उच्च जोखिम गर्भवती की जांच, आयुष्मान भारत कार्ड योजना के तहत आईपीडी मरीजों के आयुष्मान कार्ड बनाने व संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिये। साथ ही एनीमिक महिलाओं को एनीमिया से बचाव व खान पान पर विशेष ध्यान रखने एवं बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए।


















## खास खबर

### ओव्हर ब्रीज में लटकता रहा ट्रक, बड़ी दुघर्टना टली

**रायपुर।** रायपुर के राजेंद्र नगर ओवर ब्रिज में सोमवार-मंगलवार की रात एक तेज रफ्तार डंपर के ड्राइवर ने शराब के नशे में ओवर ब्रिज की दीवार तोड़ दी और फिर डंपर समेत हवा में लटक गया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को सोमवार की देर रात सूचना मिली कि एक तेज रफ्तार डंपर का राजेन्द्र नगर ओवरब्रिज में एक्सीडेंट हो गया है। मौके पर पहुंचकर पेट्रोलिंग टीम ने देखा तो एक तेज रफ्तार डंपर ओवर ब्रिज की दीवाल तोड़कर आधा हवा में लटक रहा था। गाड़ी के केबिन का हिस्सा हवा में लटक हुआ था। वहीं वाहन का चालक मौके से फरार हो गया था। और इस हादसे में किसी के हताहत नही हुआ था। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने नशे मे था तथा वाहन को तेजी से चला रहा था जिस वजह से हादसा हुआ। फिलहाल वाहन चालक की तलाश जारी है।

### कार से 50 लाख रूपये नगद बरामद

**रायगढ़।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की जा रही वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने मंगलवार को एक कार से 50 लाख रूपये नगद बरामद किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ लागू आदर्श आचार संहिता के चलते वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इस कड़ी में लोकसभा निर्वाचन के उड़नदस्ता टीम 5 को एकताल रोड पर बंजारी मंदिर के पास चेकिंग के दौरान ईनोवा क्रिस्टा वाहन क्रमांक जेएच 05 डीसी 5705 में चेकिंग के दौरान कपड़े के एक थैले में 500-500 रुपए के नोट के 100 बंडल कुल 50 लाख रुपए मिले। वाहन सवार दो लोगों से रकम के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जिसके बाद पुलिस की टीम ने नगदी रकम जब्त कर मामला इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को सौंप दिया है।

### जमीन के अंदर गड़ाकर रखा था 336 पौवा, पुलिस ने किया जप्त

**राजनांदगांव।** जिले की घुमका थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 336 पौवा अंग्रेजी गोवा शराब जब्त किया है। आरोपी ने शराब अपने खेत मे जमीन के नीचे गड़कार रखा हुआ था जिसे पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना के बाद जब्त कर लिया।

बता दें कि जिले में आगामी लोकसभा चुनाव एवं लागु आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अवैध शराब परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु राजनांदगाव पुलिस के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है उसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर घुमका पुलिस एवं साइबर सेल राजनांदगाव की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बाटगांव निवासी आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के द्वारा अपने घर के पीछे खेत में अवैध रूप से भारी मात्रा में शराब को जमीन में गाड़कर रखा हुआ है। सूचना पर साइबर सेल टीम राजनांदगाव एवं थाना घुमका पुलिस के द्वारा तत्काल मौके में पहुंचकर आरोपी मनमोहन गेन्द्रे के द्वारा अपने घर के पीछे खेत की जमीन के अंदर गाड़कर रखे हुये 336 पौवा गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब को बरामद कर आरोपी मनमोहन गेन्द्रे को गिरफ्तार कर उसके विरूध्द थाना घुमका में धारा 34 (2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध कायम कर न्यायालय पेश किया गया। साथ ही प्रकरण में शराब बिक्री एवं परिवहन में संलिप्त अन्य लोगो के संबंध में जाँच की जा रही है।

# ऑनलाइन एफआईआर पर नंबर देख ठगी का प्रयास, पीड़ित पहुंचा थाने

## साईबर फ्रॉड का यह है नया तरीका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** साइबर ठगी के रोज नए नए मामले सामने आ रहे हैं। ठगी करने वाले कई तरीकों से भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। अब तक कई ऐसे मामले में आए जिसमें अलग अलग तरीके से ठगी की गई। जैसे जैसे लोग सजग हो रहे हैं वैसे वैसे ठगी का तरीका भी बदलने लगा है। साइबर ठगों ने अब ठगी के लिए पुलिस के एफआईआर की मदद लेना शुरू कर दिया है। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में ऐसा ही एक मामला सामने आया जिसमें प्रार्थी की सूझबूझ के कारण वह ठगी से बच गया।

दरअसल 1 अप्रैल 2024 को तपकरा थाना क्षेत्र के लावाकेरा के पास ओड़िशा की ओर से आ रहे मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 14 एमएल 3497 को ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 6141 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मोटर साइकिल सवार बिहाबाल पतराटोली निवासी रत्थू राम की मृत्यु हो गई थी। इस मामले में उसके भाई संदीप राम रिपोर्ट थाना तपकरा में दर्ज कराया। पुलिस इस मामले की अभी जांच कर रही है। इस बीच इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने वाले के संदीप राम के साथ ठगी का प्रयास हुआ।




### थाना प्रभारी के नाम पर वसूली का प्रयास

इन दिनों छत्तीसगढ़ पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर एफआईआर की कापी मौजूद रहती है। उसमें प्रार्थी का नंबर भी अंकित होता है। इस एफआईआर में नंबर देखकर अज्ञात ने संदीप राम को फोन किया और कहा कि वह तपकरा थाना प्रभारी बोल रहा है कि उसके भाई के एक्सीडेंट के प्रकरण में क्लेम की राशि 5 से 6 लाख रुपए जल्द दिला देगा। इसके लिए 20 हजार रुपए फोन पे के माध्यम से देने कहा। यही कथित थाना प्रभारी ने एक्सीडेंट करने वाले ट्रक ड्राइवर को लाने टीम भेजने के नाम पर भी 10 हजार रुपए देने कहा। इसके लिए प्रार्थी के मोबाइल पर फोन पे का क्यूआर कोड भी भेजा।

### शक हुआ तो पहुंचा थाने

सीधे थाना प्रभारी द्वारा इस प्रकार फोन करना और स्टाफ भेजने के नाम पर 10 हजार रुपए की डिमांड करने पर प्राथी संदीप राम को संदेह हुआ। संदेह होने पर उसने तपकरा थाने पहुंचकर वास्तविक थाना प्रभारी को इसकी जानकारी दी। इसके बाद थाना प्रभारी ने प्रार्थी को ऐसा कोई कॉल थाने से नहीं करने की बात कही और ऐसे कॉल से सावधान रहने कहा। संदीप राम अपनी सूझबूझ ने उसे ठगी से बचा लिया।

### एसपी शशिमोहन सिंह ने की अपील

इधर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में प्रथम सूचना पत्र ऑनलाइन होने के कारण एवं मोबाईल नंबर एफआईआर में अंकित होता है। इसके कारण ठगी करने वाले गिरोह इस तरह की घटना को अंजाम दे रहे हैं। प्रार्थी एवं अन्य किसी को इस प्रकार से फोनकॉल आते हैं तो वे तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा सके। एसपी सिंह ने बताया कि जिस नंबर से प्रार्थी को प्रार्थी संदीप राम को फोन आया था उसकी जांच सायबर सेल यूनिट द्वारा की जा रही है।

# परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों की मौत



### चलती बाइक में फंस गया था लड़की का दुपट्टा

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में मंगलवार की सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रहे दो छात्राओं की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक पर चार सवार थे और एक लड़की का दुपट्टा पहिए में फंस गया था जिसके कारण बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

मिली जानकारी के अनुसार छात्र कैलाश वर्मा परीक्षा देने खैरागढ़ की ओर जा रहा था। इस दौरान उसने अपनी फुफेरी बहन लीलावती को खैरागढ़ में रिश्तेदार के घर छोड़ने बाइक में बिठा लिया। अभी दोनों निकले ही थे कि रास्ते में ठेलकडीह के पास कैलाश के साथ पढ़ने वाली दो छात्राएं विक्टोरिया और रेशमी मिले। इन दोनों को भी परीक्षा देने खैरागढ़ ही जाना था। कैलाश ने दोनों को भी बाइक पर बिठा लिया।

एक बाइक पर चार सवार होकर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि परीक्षा में पहुंचने की जल्दी के कारण कैलाश बाइक को तेज रफ्तार से चला रहा था। रास्ते में पेंड्री कला के पास एक छात्रा का दुपट्टा पहिए में फंस गया। इसके बाद मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर सड़क में गिर गई। तेज रफ्तार होने के कारण सभी सड़क पर बुरी तरह गिरे। इस हादसे में एक छात्रा रेशमी की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां एक अन्य छात्रा विक्टोरिया पाल की भी मौत हो गई। बाइक चालक कैलाश वर्मा और उसकी फुफेरी बहन लीलावती का इलाज खैरागढ़ सिविल अस्पताल में चल रहा है।

# जंगल में छिपकर खेल रहे थे जुआ, 14 सपड़ाए

## पुलिस ने किए 11 बाइक व 3 फोर व्हीलर जब्त

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में पुलिस ने जुआरियों पर बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने चौकी बचरापोड़ी थाना बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत घुटरीनदाई पहाड जंगल में जुआरियों को पकड़ा है। इनमें पास से एक लाख से ज्यादा नगदी के साथ 11 बाइक व 3 फोर व्हीलर जब्त किया है। पुलिस ने लगभग 17 लाख 27 हजार रुपए का मशरुका बरामद कर जुआरियों के खिलाफ धारा 3 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बता दें इन दिनों कोरिया एसपी सूरज सिंह परिहार द्वारा जिले में हो रहे अवैध कारोबार जुआ, सट्टा, शराब, कबाड़ पर अंकुश लगाकर लगातार कार्रवाई का निर्देश दिया है। इस बीच पुलिस को पिछले दो दिनों से बचरापोड़ी क्षेत्र में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हो रही थी। जुआरियों को पुलिस के मूवमेंट की भनक न लगे इसके लिए पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने एसपी ऑफिस, सायबर सेल एवं रक्षित केंद्र बैकुंठपुर की एक संयुक्त टीम तैयार कर छापेमारी के लिए भेजा।

मुखबिर के बताये स्थान पर कोरिया पुलिस ने घेराबंदी कर कुल 14 जुआरियों को हिरासत में लिया। पुलिस इनके पास से 1 लाख 42 हजार रुपए नगदी, 13 मोबाइल कीमती 85 हजार रुपए, 11 मोटर सायकल व 3 नग चार चक्का वाहन कीमती 15 लाख रुपए कुल रकम 17 लाख 27 हजार को जब्त कर सभी जुआरियों के खिलाफ धारा 03 जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार जुआरियों में ज्यादातर कोरबा और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों से हैं। कोरिया पुलिस की वर्ष 2016 के बाद से जुआ पर सबसे बड़ी कार्रवाई है।



### ये हैं पकड़े गए जुआरी

पुष्पराज पिता बच्चा लाल 39 वर्ष जाति तेली साकिन सिरमिना विदयानगर थाना पसान जिला कोरबा। मो. असरफ पिता मो. इस्माइल 47 वर्ष जाति मुसलमान पुरनी बस्ती कोरबा थाना कोतवाली जिला कोरबा। अफजल अली पिता रामाधार सिंह 46 वर्ष साकिन पोडी बहार कोसाबाडी थाना रामपुर जिला कोरबा। जमरीददीन पिता सलीमुददीन 52 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 16 बस स्टैण्ड थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया। अरूण कुमार बंजारा पिता लक्ष्मण बंजारा 45 वर्ष ग्राम सरमा थाना पसान जिला कोरबा। भुवन दास पिता पूरन दास 57 वर्ष साकिन जुनाडीह धुरैना थाना दीपिका जिला कोरबा। कालीचरण पिता सुरतसगा दास 54 वर्ष आजाद चौक दीपिका थाना दीपिका जिला कोरबा। मो. अनीश पिता अब्दुल अजीज 50 वर्ष साकिन पुरानी बस्ती थाना कोतवाली जिला कोरबा। विनोद हंसराजानी पिता नूतनदास हंसराजानी 49 वर्ष साकिन मेन रोड कोरबा राम सागर पारा थाना कोतवाली जिला कोरबा। सहादत अली पिता अख्तर अली 54 वर्ष साकिन पुरानी बस्ती थाना कोतवाली जिला कोरबा। ऋषभ सोनी पिता भुनेश्वर सोनी 25 वर्ष साकिन वार्ड 09 तिलकनगर कटघोरा थाना कटघोरा जिला कोरबा। यशवंत यादव पिता मोहन लाल यादव 40 वर्ष साकिन सरतो थाना जांजगीर चौकी नैला जिला जांजगीर। लकी पराशर उर्फ कुलदीप स्थापक पिता डीके स्थापक 38 वर्ष साकिन हल्दीबाडी चिरमिरी जिला एमसीबी। शिवानंद तिवारी पिता स्व. संतोष तिवारी 38 वर्ष साकिन हल्दीबाडी चिरमिरी जिला एमसीबी शामिल हैं।

# नाबालिग बच्चे पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

**बिलासपुर।** जिले में 14 साल के नाबालिग बच्चे के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना सामने आया है। जिसके बाद पीड़ित नाबालिग को परिजनों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है तो मामले में 3 आरोपियों के द्वारा ऐसी वारदात को अंजाम दिए जाने के बाद आरोपी फरार बतलाए जा रहे है, तो पुलिस मामले में आपसी रंजिश की वजह से घटना को अंजाम दिए जाने की बात कहते हुए मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

दरअसल पूरा मामला पेण्ड्रा थानाक्षेत्र के दुबटिया तिराहे का है, जहां पर रहने वाले एक 14 साल के नाबालिग बच्चे को वही आसपास रहने वाले 3 लोग किसी पुरानी रंजिश को लेकर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया पीड़ित नाबालिग ने बतलाया कि जब वो कल शाम दुबटिया के एक होटल में बैठा हुआ था। तभी पेण्ड्रा के दुर्गा मंदिर के सामने रहने वाला अंशु,छपरा टोला में रहने वाला जोलु भरिया,और लाला कश्यप जो दुबटिया में रहने वाले तीनो व्यक्ति उसके पास आए और पीड़ित नाबालिग को जबरजस्ती अपने साथ पास ही स्थित एक राइस मिल के अंदर सुनसान जगह पर ले गए और पकड़कर उसके ऊपर हावी होते हुए एक व्यक्ति ने उसके ऊपर पेट्रोल डाला और फिर अपने साथी से माचिस मंगाया और पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। जिसके बाद पीड़ित नाबालिग के ऊपर आग लगता देख तीनो



आरोपी दहशत में आ गए और किसी तरह जल्दी जल्दी आग बुझाने का प्रयास किया पर आग पर काबू पाते जब तक नाबालिग आग से काफी झुलस गया।

## कलेक्टर, एसपी ने रेंगालपाली चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल फील्ड पर निकले। वे रेंगालपाली चेक पोस्ट के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। यहां उन्होंने गुजरने वाले वाहनों की हो रही जांच का मुआयना किया। उन्होंने चेक पोस्ट में तैनात टीम से गाडियों की जांच के संबंध में जानकारी ली और जांच रजिस्टर का अवलोकन किया। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव व अपर कलेक्टर व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय इस दौरान साथ रहे। श्री गोयल व श्री पटेल ने इस दौरान गुजर रहे गाडियों को रुकवा कर जांच भी करवाई। कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। ऐसे में मतदाताओं को लुभाने के उद्देश्य से अवैध धनराशि व अन्य वस्तुओं का परिवहन के रोकथाम के लिए ऐसे सभी वाहनों की सघन जांच होनी चाहिए। जिस गाड़ी को जांच कर रहे हैं उसकी पूरी जानकारी दर्ज की जाए। पुलिस अधीक्षक ने टीम को पूरी तरह से अलर्ट रहकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

## अब तक 30 करोड़ 47 लाख नगद जब्त

**रायपुर।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 1 अप्रैल तक की स्थिति में 30 करोड़ 47 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 9 करोड़ 11 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 1 अप्रैल तक 24 हजार 226 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 56 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 60 लाख रुपए कीमत की 885 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जांच अभियान के दौरान 1 करोड़ 64 लाख रुपए कीमत के 24.16 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां, जिनकी कीमत 17 करोड़ 58 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

## दुर्ग रेंज के सभी जिलों में हुई कार्रवाई तेज

# ऑपरेशन ईगल के तहत के तहत पकड़ाए 500 से ज्यादा वारंटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन ईगल के तहत रेंज के सभी जिलों की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दुर्ग रेंज के सभी जिलों में पुलिस ने 500 से ज्यादा स्थाई वारंटियों की तामिली की है। वर्षों से दीगर जिलों के साथ ही अन्य राज्य जैसे मध्य प्रदेश, ओड़ीशा, तमिलनाडु, पंजाब, पश्चिम बंगाल, बिहार में छिप कर रह रहे वारंटियों पर नकेल कसी गई।




वारंटियों की धरपकड़ के लिए दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने अभियान ऑपरेशन ईगल शुरू किया। इसके तहत पुलिस को आधूनिक तकनीक से वारंटियों की धरपकड़ का निर्देश दिया गया था। उन्होंने विभिन्न प्रकार के वारंटों का वर्गीकरण करके साइंटिफिक तरीके से उनका विश्लेषण किया साथ ही जिलों को टारगेट बेस्ड एप्रोच के जरिए मॉडर्न तकनीक अपनाते हुए वारंट तामील करने के लिए निर्देशित किया। इसके तहत वर्षों से लुक छिप कर रह रहे वारंटियों पर नकेल कसते हुए आधुनिक तकनीक का उपयोग एवं लगातार सुपरवीजन से आरोपियों की धरपकड़ की गई।

जिला बालोद, बेमेतरा, दुर्ग के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की देख रेख मे जिला मुख्यालय एवं प्रत्येक थाना स्तर पर थाना प्रभारियो को अपने अपने क्षेत्र में लंबित स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों के विरुद्ध अभियान चलाकर शीघ्र धरपकड़ कर माननीय न्यायालय मे पेश करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में दुर्ग रेंज के जिला दुर्ग पुलिस द्वारा अभियान ईगल के तहत एक मार्च से 31 मार्च 2024 तक समस्त थानों से कुल 356 स्थाई वारंटों की तामिल की गई।

इसी प्रकार जिला बेमेतरा पुलिस द्वारा अभियान ईगल के तहत एक मार्च से 31 मार्च 2024 तक की स्तिथि में जिले के समस्त थानों से कुल 55 स्थाई वारंटियों की तामिली की गई। इसके अलावा बालोद पुलिस द्वारा अभियान ईगल के तहत इसी अवधि में कुल 161 स्थाई वारंटो का निराकरण किया गया है। इस अभियान में दीगर राज्य जिसमें मध्य प्रदेश, उड़ीसा, तमिलनाडु, पंजाब, पश्चिमबंगाल, बिहार, महाराष्ट्र आदि राज्यों के वारंटों को माननीय न्यायालय में पेश करने में सफ्लता मिली है। दुर्ग रेंज में वारंट तामिली मे सर्वाधिक 204 वारंट धारा 138 (एनआईएक्ट) में की तामिली एवं 96 स्थाई वारंट मारपीट से संबंधित धारा के तहत तामिल किये गए हैं। इसके साथ ही चोरी व नकबजन के 62 वारंटो की तामिली में दुर्ग रेंज पुलिस को सफ्लता मिली है। वारंटियों के खिलाफयह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### रेत का अवैध परिवहन करते चार हाईवा पकड़ाए



**बिलासपुर।** अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इस सिलसिले में मस्तुरी ब्लॉक के पचपेड़ी में बिना रायल्टी पटाये रेत परिवहन करते हुए 4 हाईवा वाहन पकड़े गए। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर पुलिस एवं राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। वाहनों को जब्त कर पचपेड़ी थाना परिसर में खड़ी की गई है। खनिज अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### रूंगटा डेन्टल कॉलेज में छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक ने यातायात संबंधी प्रशिक्षण दिया

**दुर्ग।** रूगटा डेन्टल कॉलेज में उपस्थित 400 छात्र छात्राओं को उप पुलिस अधीक्षक सतीष ठाकुर द्वारा यातायात नियमों संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। दो पहिया वाहन में हेलमेट क्यो आवश्यक है इस संबंध में वीडियों क्लीप दिखाया गया। उपस्थित छात्र/छात्राओं को अपने माध्यम से अपने परिजन, मित्र, पडोसी एवं रिस्तेदारो को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। छात्र जीवन अनुशासन का जीवन है इसी प्रकार एक वाहन चालक को भी सड़क मे दुर्घटनाओ से बचने के लिए अनुशासन दिखाना अति-आवश्यक है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की निसंकोच मदद कर उसकी जान बचाते हुये एक अच्छे गुड सेमिरिटन की भूमिका निभाएं। यातायात नियम संबंधित पूछे गये प्रश्नों का सही जवाब देने वालो को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम में दिनांक 02 अप्रैल 2024 को सतीष ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के द्वारा रूगंटा डेन्टल कॉलेज के ऑरोटोरियम में उपस्थित 400 छात्र/छात्राओ एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमो की विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें सर्वप्रथम यातायात के प्रमुख घटक 04-ई के बारे में बताया गया 01-ई रोड इंनजीनियरिंग 02-ई एजुकेशन इसके अंतर्गत पैदल चलने के नियम, रोड मार्किंग, रोड साईन बोर्ड एवं वाहन चलाने के नियम 03-ई इन्फोसमेन्ट इसके अंतर्गत पुलिस द्वारा नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालको के उपर कार्यवाही करना 04-ई इंमरजेन्सी केयर इसके अंतर्गत सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उपचार किया जाना आता है।

### महिलाओं का वार्डवार ब्लाक स्तरीय बैठक में मिला रहा है प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को समर्थन

**दुर्ग।** लोकसभा के प्रत्याशी राजेन्द्र यादव के पक्ष में आज शहर जिला महिला कांग्रेस के अध्यक्ष कन्या ढीमर के नेतृत्व में ब्लाक अध्यक्ष भूमिका देशमुख, शहर उपाध्यक्ष किरण देशमुख के मार्गदर्शन में बाम्बे आवास उरला क्रमांक 58 एवं वार्ड नं. 1 गिर बारी नगर पानी टंकी के पास पंचशील नगर में मौजूद रही राधिका राजेन्द्र साहू, वीणा साहू,थामिन साहू, रत्ना नारमदेव, हेमा साहू,अश्वनी जागडे, वार्ड नं. 9 के पार्षद विजेद्र भरद्वाज व पूर्व पार्षद लिखन साहू एवं कार्यकर्ताओं के साथ ही महिलाओं की बैठक हुई ।इस अवसर पर श्रीमती राजेन्द्र राधिका साहू ने कहा कांग्रेस पार्टी के द्वारा महालक्ष्मी गारन्टी योजना के तहत प्रत्येक परिवार की महिलाओ को मिलने वाले 8,333/-रुपये प्रतिमाह यानि सालाना एक लाख रुपये जो महिलाओं को मिलेगा उसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी ।ब्लाक स्तरीय बैठक में वार्ड के नागरिको एवं कार्यकर्ताओं की बैठक ली तथा आगामी 7 मई 2024 को लोक चुनाव के संबंध में होने वाले चुनाव प्रचार प्रसार की रूप रेखा तय की, कि किस-किस दिन बैठक होनी है और मोदी सरकार की नाकामी और विफ्लताओं को हर घर तक पहुँचाने की विस्तृत जानकारी दी बैठक में दी गई। विशेष रूप से महिलाओं की उपस्थिति रही ।इस दौरान पूर्व एल्डरमेन रत्ना नारमदेव एवं हेमा साहू ने सभी को योजनाओं की जानकारी बतायी ।वीणा साहू ने सभी को एकजुट होकर प्रत्यशी राजेन्द्र साहू को पंजा निशान पर भारी मतों से जीत दिलाने की अपील ।शहर महिला कांग्रेस के अध्यक्ष कन्या ढीमर ने बैठक में कहा कांग्रेस के योजनाओं के बारे जैसे महालक्ष्मी गारंटी: इसके तहत सभी गरीब परिवार की ( एक महिला ) को सालाना 1 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

# लोकसभा निर्वाचन : कलेक्टर चौधरी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने रिसाली नगर निगम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। समय का ध्यान न रखने और देरी से काम पर आने वाले कर्मचारियों पर उन्होंने नाराजगी जताई तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुये कहा कि जो चिकित्सक समय पर नहीं आते उन्हे नोटिस जारी कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने दवाईयों तथा अन्य उपकरणों का अवलोकन किया, जिन दवाईयों की समयावधि समाप्त हो गई है उन्हें तुरंत हटाने के निर्देश दिए।



इसी क्रम में उन्होंने उतई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान बहुत से चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने अनुपस्थित चिकित्सकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने केंद्र में होने वाली विभिन्न जांचों सहित सिकल सेल टेस्ट युनिट की जानकारी ली। सीएमएचओ जेपी मेश्राम ने बताया कि जांच के उपरांत मरीज को जिला अस्पताल भेजा जाता है। कलेक्टर स्वास्थ्य केंद्र में नियमित साफ-सफाई किए जाने के निर्देश दिए।

#### स्कूलों में करे पौधा रोपण

रिसाली के आत्मानंद स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र का निरीक्षण करने के बाद कलेक्टर सीधे नेवई स्कूल पहुंची। मतदान केंद्र देखने के बाद परिसर को देखी। इस दौरान उन्होंने निगम आयुक्त मोनिका वर्मा को निर्देश दिए कि स्कूल परिसर को हरा भरा बनाएं।

#### मतदान केंद्रों का परीक्षण

लोकसभा निर्वाचन को लेकर रिसाली नगर निगम के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मतदान करने के लिये तैयारी का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नेवई में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। जिसे लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान के लिये चिन्हांकित किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बगीचा तैयार कर पौधा रोपण करने के निर्देश दिये।

#### केंद्रों में हो समुचित व्यवस्था

मतदान के समय तेज गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान निगम क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने मतदान दल के ठहरने की व्यवस्था के साथ पेय जल, प्रसाधन और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं में किसी भी तरह की लापरवाही न करने की बात कही।

इसी प्रकार पाटन विकासखण्ड के अंतर्गत पतोरा ग्राम पंचायत में शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। वहां उन्होंने बच्चों से पढ़ाई लिखाई के बारे में चर्चा की। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि माध्यमिक शाला पतोरा के कक्षा 8 वीं के 8 छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। कलेक्टर ने इस पर सभी शैक्षणिक एवं अन्य कर्मचारियों की प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम रिसाली की आयुक्त सुश्री मोनिका वर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी जेपी मेश्राम, अनुविभागीय अधिकारी मुकेश रावटे, पाटन विकासखण्ड के अनुविभागीय अधिकारी दीपक निकुंज के साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

#### 19 से 1 जून तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग नईदिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (क) (ख) के तहत दिनांक 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को प्रातः 7 बजे से 01 जून 2024 (शनिवार) को संध्या 6.30 बजे के बीच की अवधि को निर्गम मत सर्वेक्षण हेतु प्रतिबंध अधिसूचित किया गया है। इस दौरान कोई भी व्यक्ति, उपरोक्त निर्धारित कालावधि के दौरान कोई निर्गम मत सर्वेक्षण नहीं करेगा और किसी निर्गम मत सर्वेक्षण के परिणाम का, ऐसी अवधि के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगा, ना ही इसके माध्यम से प्रकाशन या प्रचार या किसी भी प्रकार की अन्य रीति में प्रसार नहीं करेगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन निर्वाचनों में संबंधित मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# सेक्टर 9 अस्पताल में कोल्पोस्कोपी कार्यशाला




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय, जवाहरलाल नेहरु एवं अनुसंधान केंद्र के प्रसूति एवं स्त्री रोग और प्रजनन स्वास्थ्य विभाग द्वारा, 31 मार्च 2024 को एक लाइव कोल्पोस्कोपी कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन, सीएसआर-आरसीएच पहल के तहत की गई थी।

कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ के ठाकुर सहित एसीएमओ एवं प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ संगीता कामरा उपस्थित थे।

कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ प्रमोद बिनायके द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ कॉन्फ्रेंस हॉल में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। डॉ बिनायके ने सभा को संबोधित कर इस कार्यशाला का महत्व बताया। डॉ संगीता कामरा ने इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस कार्यशाला सत्र के लिए फैकल्टी के रूप में प्रतिष्ठित कोल्पोस्कोपी विशेषज्ञ डॉ आशा जैन वहाँ उपस्थित थीं। डॉ आशा जैन, एसएमएसए हॉस्पिटल रायपुर, यूएसजी और कोल्पोस्कोपी के लिए एफ्ओजीएसआई मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्र की निदेशक हैं, जो आईएससीसीपी कोल्पोस्कोपी की ट्रेनर भी हैं। नागपुर से आई डॉ लीना बिरे, इस कार्यशाला सत्र के लिए दूसरी फैकल्टी थीं। सलाहकारों के साथ-साथ डीएनबी प्रशिक्षुओं को विचार-विमर्श और प्रक्रिया के (प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन) व्यावहारिक प्रदर्शन से काफी लाभ हुआ।

कार्यशाला को आगे बढ़ाते हुए, गेस्ट फैकल्टी द्वारा सत्रों का संचालन किया गया। जिसमें डॉ आशा जैन ने, सर्वाइकल पैथोलॉजी के सभी व्यावहारिक पहलुओं की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। डॉ लीना बिरे ने, सभी आयामों में कोल्पोस्कोपी, कोल्पोस्कोपिक निष्कर्षों के पैथोलॉजिकल आधार के साथ-साथ सर्वाइकल इंट्रा एपिथेलियल नियोप्लासिया के प्रबंधन में कोल्पोस्कोपी की भूमिका के बारे में चर्चा की। डॉ आशा जैन और डॉ लीना बीरे ने भी कैंसर की रोकथाम के महत्व के बारे में चर्चा की। कार्यशाला के दौरान, स्त्री रोग ओपीडी में 27 महिलाओं की जांच की गई।

# अखिल भारतीय गोल्ड फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दल्ली राजहरा स्थित बीएसपी लौह अयस्क खदान समूह राजहरा मांइस के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग और क्रीडा एंव मंनोरंजन परिषद द्वारा आयोजित, आल इंडिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन 27 मार्च 2024 को किया गया था। इस उद्घाटन समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। ये टूर्नामेंट दो सत्रों में आयोजित करायी गयी थी। प्रथम सत्र में युनाइटेड फुटबॉल क्लब उडीसा और बक्सर बिहार के मध्य और दूसरी पाली में राजहरा माइंस और केरला पुलिस के मध्य खेला गया।

इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिदिन रात्रि में फ्लड लाइट में दो- दो मैच खेले जा रहे है। प्रतियोगिता के तहत लगातार सात दिन विभिन्न टीमों ने लीग मैच के आधार पर अपने दृअपने मैच खेले। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 4 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दास गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। संध्या 7:30 बजे आयोजित इस अखिल भारतीय गोल्ड फूटबाल प्रतियोगिता का समापन भी होगा। फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन 31 मार्च को टूर्नामेंट में दो पाली में मैच खेले गये, जिसमे पहले पाली में युनाइटेड फुटबॉल क्लब उडीसा ने, बक्सर बिहार को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया और मध्यान्तर तक दोनों ही टीमें 0 - 0 की बराबरी पर टिके रहे। मध्यांतर उपरान्त उडीसा के प्रफुल्ल लकरा ने, निर्धारित समय पर पहला गोल कर बिहार टीम को हराकर इस मैच को अपने नाम कर लिया।

वहीं दूसरी पाली में ये मैच राजहरा माइंस और केरला पुलिस के मध्य खेला गया जहां दोनों ही टीम एक -एक गोल की बराबरी पर ड्रा खेला और मध्यांतर तक दोनों ही टीमें एक एक गोल की बराबरी पर टिके रहें।

# बीएसपी ने वर्ष 2023-24 में उत्पादन के सभी प्रमुख मापदंडों में रिकॉर्ड प्रदर्शन कर दर्ज की नई ऊंचाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन के सभी प्रमुख मापदंडों में रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज किया है। संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेसों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.98 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन दर्ज कर, वर्ष 2010-11 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.71 मिलियन टन को पार किया।

इसके अंतर्गत संयंत्र की सबसे बड़ी फर्नेस, ब्लास्ट फर्नेस-8 द्वारा अब तक का उच्चतम हॉट मेटल उत्पादन 2.68 मिलियन टन शामिल है जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 2.54 मिलियन टन से अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में एसएमएस-2 और एसएमएस-3 ने मिलकर कुल 5.67 मिलियन टन का उच्चतम क्रूड स्टील का उत्पादन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2010-11 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 5.33 मिलियन टन को पार किया है। इसके अंतर्गत मॉडेक्स यूनिट, एसएमएस-3 द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 3.44 मिलियन टन दर्ज किया गया, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 3.06 मिलियन टन उत्पादन से अधिक है।

वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ सेलेबल स्टील उत्पादन 5.23 मिलियन टन दर्ज किया गया, जो कि वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.82 मिलियन टन से कहीं अधिक है। वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज 4.43 फिनिष्ड स्टील उत्पादन को पार कर संयंत्र ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ फि निष्ड स्टील उत्पादन 4.57 मिलियन टन दर्ज किया। सिंटर प्लांट्स द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ 8.74 मिलियन टन सिंटर उत्पादन दर्ज किया गया, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 8.03 मिलियन टन से अधिक है। इसके अंतर्गत सिंटर प्लांट-3 द्वारा अब तक का सर्वश्रेष्ठ सिंटर उत्पादन 5.93 मिलियन टन शामिल है, जो कि वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 5.43 मिलियन टन उत्पादन से अधिक है। संयंत्र के कोक ओवन ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रतिदिन औसतन 784 ओवन पुशिंग रिकॉर्ड दर्ज कर, वित्त वर्ष 2010-11 में दर्ज प्रतिदिन 769 ओवन पुषिंग रिकॉर्ड को पार किया। लांग रेल उत्पादन के क्षेत्र में, यूनिवर्सल रेल मिल ने पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज 7.90 लाख टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन की तुलना में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 8.53 लाख टन प्राइम रेल उत्पादन दर्ज किया। रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने भी वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 1.52 लाख टन लांग रेल उत्पादन को पार करते हुए, अब तक का सर्वश्रेष्ठ 1.71 लाख टन लांग रेल उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया। संयंत्र ने वित्त वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ कुल 10.20 लाख टन लांग रेल उत्पादन दर्ज कर, वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 9.09 लाख टन उत्पादन को पार किया। वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय रेलवे को लांग रेल के 1082 रेक भेजे गए जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में भेजे गए 1000 रेक से अधिक है। मॉडेक्स यूनिट, बीआरएम ने 9 लाख टन की अपनी वार्षिक मापित क्षमता को पार कर, वित्त वर्ष 2023-24 में 9.75 लाख टन का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 8.40 लाख टन से अधिक है।

# तीन दिवसीय मेडीटेशन धम्मा संस्कार व पर्सनालिटी डेवलपमेंट शिविर सम्पन्न हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी भिलाई छत्तीसगढ़ एवं मथायोम वटमाई क्रोगंथोग बैंकाक थाईलैंड के सहयोग तीन दिवसीय शिविर का आयोजन डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर -6 भिलाई में हुआ। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर -6 भिलाई कि अध्यक्षा आयु.सविता मेश्राम जी व दंत चिकित्सक डॉ.भूषण भोईर जी के द्वारा हुआ। शिविर में शामिल सभी बच्चों का दंत परीक्षण किया गया। आयुष्मति सविता मेश्राम जी ने शिविरार्थियों को ऊर्जावान भाषण से बच्चों को प्रेरित किया।

महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के अध्यक्ष आशीष चौहान ने तीन दिवसीय शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसमें आगामी समय में भारत व थाईलैंड के संस्कृति आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें हर रविवार को बच्चों के लिए धम्म शाला का आयोजन भिलाई में किया जा रहा है, बच्चों व युवाओं कि प्रतिभा को निखारने के लिए गीत संगीत, डांस पेंटिंग, एक्टींग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, कैरियर गाइडेंस व स्वरोजगार प्रशिक्षण भी दिया जायेगा एवं छत्तीसगढ़ स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

शिविर में प्रशिक्षक भंते अमोल जी थाईलैंड द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पंचशील का अर्थ व महत्व, दैनिक जीवन में भोजन पानी पर्यावरण व साफ सफाई का महत्व बताया गया। सीटिंग मेडीटेशन,स्टेंडिंग मेडीटेशन, वाकिंग मेडीटेशन के साथ- साथ महिलाओं व पुरुषों को विहार में कैसे बैठना है तथा पंचांग प्रणाम कैसे किया जाता है बच्चों को सिखाया गया। कैरियर गाइडेंस, पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन चरित्र के बारे में बताया गया। साथ ही मोरल एजुकेशन, व किन कारणों से मनुष्य कि हानि होती है उसके दस कारण बतायें गये, कैसे अपने से बड़ों का वंदन करना है सिखाया गया।

पुलकित चौहान ने ब्रेन पावर बढ़ाने के लिए ब्रेन एक्सरसाइज बताया तथा निगेटिव व पाजेटिव सोच हमारी कैसी बनती है, क्यों होती है निगेटिव सोच इस पर प्रजेंटेशन दिया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि संतोष श्यामकुंवर जी (फूड आफीसर बालोद) ने बच्चों को पी एस सी एवं यूपीएससी की तैयारी कैसे करें व अपने लक्ष्य पर कैसे पहुंचे इस पर अपने विचार व्यक्त किये। विशेष अतिथि सुरेन्द्र वैद्य जी ब्रांच मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक ने धम्म संस्कार पर अपने विचार व्यक्त किए व बच्चों को बैंकिंग व व्यवसाय के क्षेत्र में कैरियर कैसे बनायें इस विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

# आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने मिट्टी के सकोरों में पक्षियों के लिए रखा दाना-पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर निगम कार्यालय की छत पर पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम किया गया है। इस मौके पर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि पक्षी हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते है।बेजुबान पक्षियों की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य बनता है। नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य होता है।

इस मौके पर निगम आयुक्त ने कहा कि पक्षी हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते है। बेजुबान पक्षियों की सेवा करना हमारा पहला कर्तव्य बनता है।आयुक्त ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य होता है। गर्मी के मौसम में पक्षियों को पानी नहीं मिलता तो उनका जीना दूभर हो जाता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य तो पानी की व्यवस्था कर लेता है, परंतु बेजुबान पक्षी अपनी इच्छाओं को व्यक्त नहीं कर पाते। मानवता के नाते हमें पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए।नगर निगम में हमेशा से परंपरा रही है कि हर साल की तरह इस साल भी पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की गई है। इस दौरान निगम का उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,सहायक अभियंता गिरीश दीवान,लेखधिकारी रमाकांत शर्मा, अनिल सिंह,संजय मिश्रा,शुभम गोइर, सहित आदि अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने पक्षियों के लिए निगम कार्यालय के छत पर मिट्टी के सकोरों में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखे। उन्होंने अपील कर कहा कि जागरूक लोग इनकी मदद के लिये आगे आएं।हर साल गर्मी के मौसम में न जाने कितने पक्षी प्यास और तापघात का शिकार होकर अपनी जान गवां देते है।उन्होंने कहा यदि एक छोटी-सी कोशिश करें, थोड़ी सी मानवता दिखाएं और अपने घर, आफिस में आने वाले पक्षियों के लिए पानी और आश्रय का प्रबन्ध करें, तो गर्मी के कारण होने वाली पक्षियों की मौत में काफ़ी कमी आ सकती है। गर्मी की शुरूआत में ही पक्षियों के लिये पानी की व्यवस्था की एक छोटा सा प्रयास इन पशु पक्षियों को जीवन दान दे सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950